RNI N.- BIHBIL/2022/88070 राष्ट्रीय द्विभाषिक सामाचार पत्र www.bordernewsmirror.com

# बॉर्डर न्यूज मिरर

"खबरों से समझौता नहीं"

पटना, वर्षः 7, अंकः66, रविवार, 19 अप्रैल 2026 मूल्यः 5:00, पृष्ठः8 9471060219, 9470050309 www.bordernewsmirror@gmail.com





भारत-नेपाल सीमा सुरक्षा पर हाई-लेवल समीक्षा, 117 अतिक्रमण हटे; तस्करी व घुसपैठ पर ... 03


संकल्प 95 मार्गदर्शन कार्यक्रम में 2000 से अधिक छात्रों को मिला विशेषज्ञों का मार्गदर्शन 04

कॉकटेल 2 के लिए कृति सेनन ने कैसे घटाया अपना वजन? एक्ट्रेस... 07


संक्षिप्त समाचार

## महाराष्ट्र, ओडिशा और बिहार से 4 संदिग्ध लोग गिरफ्तार

- खिलौने में बम लगाकर हमले की तैयारी कर रहे थे

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल ने महाराष्ट्र, ओडिशा और बिहार से चार संदिग्ध आतंकियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने शनिवार को बताया कि इनके पास से आईईडी और उससे जुड़ा सामान बरामद हुआ है। आरोपियों में दो महाराष्ट्र और एक-एक ओडिशा और बिहार के हैं। इनकी पहचान मोसाइब अहमद, मोहम्मद हम्माद, मोहम्मद सोहेल और शेख इमरान के रूप में हुई है। पुलिस के मुताबिक दो




आरोपी एक रिमोट कंट्रोल खिलौना कार में आईईडी फिट करने की तैयारी में थे। जांच में यह भी सामने आया कि शेख इमरान दिसंबर 2025 में दिल्ली गया था। उसने रेड फोर्ट और इंडिया गेट जैसे जगहों की रेकी की थी। एजेंसियों के अनुसार, इन लोगों ने राम मंदिर, संसद भवन और सैन्य ठिकानों जैसे बड़े टारगेट पर हमले की भी चर्चा की थी। पुलिस के अनुसार ये सभी आरोपी एक कट्टरपंथी विचारधारा से प्रभावित थे और गजवा-ए-हिंद जैसे नैरेटिव को बढ़ावा दे रहे थे। आरोपी एन्क्रिप्टेड सोशल मीडिया ग्रुप्स पर ऐक्टिव थे। इन ग्रुप्स में जिहाद, हथियार और कट्टरपंथी विचारधारा से जुड़ा कंटेंट है।

## राहुल पर एफआईआर का अपना आदेश हाईकोर्ट जज ने बदला

- बिना नोटिस केस दर्ज करना सही नहीं माना; याचिकाकर्ता बोला- सीजेआई से शिकायत करेंगे

**लखनऊ (एजेंसी)।** इलाहाबाद हाईकोर्ट की लखनऊ बेंच ने सांसद राहुल गांधी के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने का अपना ही आदेश बदल दिया है। मामला दोहरी नागरिकता से जुड़ा है। कोर्ट ने शनिवार को अपनी वेबसाइट पर नया आदेश जारी किया। कोर्ट ने बताया कि



शुक्रवार (17 अप्रैल) को सुनवाई हुई थी। इसमें याचिकाकर्ता समेत केंद्र और राज्य सरकार के वकीलों से पूछा गया था कि क्या राहुल गांधी को नोटिस जारी करने की जरूरत है। वकीलों ने नोटिस जारी करने की कोई जरूरत नहीं बताई थी। इसके बाद एफआईआर दर्ज करने का आदेश पारित कर दिया गया था। हालांकि, आदेश टाइप होने से पहले न्यायमूर्ति सुभाष विद्यार्थी ने फिर से फैसले को परखा। उन्होंने पुराने केसों की स्टडी में पाया कि ऐसे मामलों में नोटिस भेजना जरूरी है। कोर्ट ने कहा कि राहुल गांधी को नोटिस जारी किए बिना फैसला करना उचित नहीं है। कोर्ट ने मामले की अगली सुनवाई के लिए 20 अप्रैल की तारीख तय की है। यह याचिका कर्नाटक में रहने वाले भाजपा कार्यकर्ता एस. विग्नेश शिशिर ने दायर की थी। उन्होंने राहुल गांधी पर ब्रिटिश नागरिकता का आरोप लगाते हुए विदेशी अधिनियम, पासपोर्ट अधिनियम आदि में केस दर्ज होने की मांग की है। कोर्ट का फैसला आने के बाद विग्नेश ने कहा- राहुल गांधी के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने का फैसला वापस लेने की शिकायत हम सीजेआई से करेंगे।

### राष्ट्र के नाम संबोधन में बोले पीएम मोदी, महिला आरक्षण बिल पास नहीं हुआ, माफी मांगता हूं

# महिला का अधिकार छीनकर विपक्ष ताली बजा रहा था

### जिन लोगों ने आधी आबादी का अधिकार छीना, उन्हें इस पाप की सजा मिलेगी

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शनिवार शाम 8.30 बजे से महिला आरक्षण पर देश को संबोधित कर रहे हैं। उन्होंने कहा, इस बिल में संशोधन नहीं हो पाया। मैं सभी माताओं-बहनों से माफी मांगता हूं। उन्होंने कहा, मेरे लिए देशहित सर्वोपरि है, जब कुछ लोगों के लिए दल हित सबकुछ हो जाता है, दल हित देश हित से बड़ा हो जाता है। तो नारी शक्ति को ही इसका खामियाजा उठाना पड़ता है। पीएम ने कहा कि कांग्रेस, टीएमसी, डीएमके जैसे विपक्षी दल इस भ्रूणहत्या के गुनहगार हैं। ये देश के संविधान के अपराधी हैं। नारी शक्ति के अपराधी हैं। जिन लोगों ने आधी आबादी का अधिकार छीना, उन्हें इस पाप की सजा मिलेगी। लोकसभा में शुक्रवार को महिला आरक्षण से जुड़ा संविधान (131वां संशोधन) बिल पास नहीं हो सका था। इस बिल में लोकसभा सीटों को 543 से बढ़ाकर 816 करने और महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण देने का प्रस्ताव था।

**विपक्ष ने जश्न मनाया, मेजें थपथपाईं**



**महिलाओं के सपने को कुचल दिया-** आज भारत का हर नागरिक देख रहा है कि कैसे भारत की नारी शक्ति की उड़ान को रोक दिया गया। उनके सपनों को बेरहमी से कुचल दिया गया। कांग्रेस, डीएमके, टीएमसी और समाजवादी पार्टी जैसे दलों की स्वार्थी राजनीति का नुकसान देश की नारी शक्ति को उठाना पड़ा है। कल देश की करोड़ों महिलाओं की नजर संसद पर थी। देश की नारी शक्ति देख रही थी। मुझे भी ये देखकर बहुत दुख हुआ कि जब ये नारी हित का प्रस्ताव गिरा तो कांग्रेस, डीएमके, टीएमसी, सपा जैसी परिवारवादी पार्टियां खुशी से तालियां बजा रही थीं। महिलाओं से उनके अधिकार छीनकर ये लोग मेजें थपथपा रहे थे।

**नारी अपमान नहीं भूलती-** कल विपक्ष ने जो भी किया वह केवल टेबल पर थाप नहीं थी। वह नारी के स्वाभिमान पर उसके आत्म सम्मान पर चोट थी। और नारी सब भूल जाती है, अपना अपमान कभी नहीं भूलती। इसलिए संसद में कांग्रेस के उसके सहयोगियों के व्यवहार की कसक, हर नारी के मन में हमेशा रहेगी।

**विपक्ष को उसके पाप की सजा जरूर मिलेगी-** कल नारी शक्ति वंदन विधेयक का जिन लोगों ने विरोध किया है, उनसे मैं दो टूक कहूंगा कि ये लोग नारी शक्ति को फॉर ग्रांटेड ले रहे हैं। वे ये भूल रहे हैं कि 21वीं सदी की नारी देश की हर घटना पर नजर रख रही है। वह उनकी मंशा भांप रही है और सच्चाई भी भली-भांति जान चुकी है।

## तमिलनाडु में ट्रैवलर सड़क से उतरी, 9 लोगों की मौत

- केरलम के 13 पर्यटक सवार थे, हेयरपिन मोड़ पर हादसा, 5 की हालत गंभीर

**चेन्नई (एजेंसी)।** तमिलनाडु के वलपरई में शुक्रवार को सड़क हादसे में 9 लोगों की मौत हो गई, जबकि 4 लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसा तब हुआ, जब टेम्पो ट्रैवलर अनियंत्रित होकर हेयरपिन मोड़ से फिसलकर खाई में



गिर गया। पुलिस के मुताबिक, गाड़ी केरलम के पेरिंथलमन्ना से आए 13 पर्यटकों को लेकर वलपरई से लौट रहा था। 13वें हेयरपिन मोड़ पर संतुलन बिगड़ा और वाहन फिसलकर 9वें हेयरपिन मोड़ तक गिर गया। हादसे में 1 पुरुष और 8 महिलाओं की मौके पर ही मौत हो गई। घायलों को रेस्क्यू कर एंबुलेंस से पोलाची के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया। जब किसी ऊंचे पहाड़ पर चढ़ना होता है, तो सीधी सड़क बनाना मुमकिन नहीं होता। इसलिए, ऊंचाई पर धीरे-धीरे चढ़ने के लिए सड़क को सांप की तरह घुमावदार बनाया जाता है। जहां सड़क एकदम से मुड़कर वापस उसी दिशा के समानांतर हो जाती है, उसे ही हेयरपिन मोड़ कहते हैं।

### पुलिस ने वाटर कैनन चलाई, सांसद-केंद्रीय मंत्री हिरासत में

## राहुल के घर तक महिला सांसदों का मार्च, जलाया पुतला

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** लोकसभा में संविधान (131वां संशोधन) विधेयक पारित न होने को लेकर एनडीए नेता देशभर में प्रदर्शन कर रहे हैं। दिल्ली की सीएम रेखा गुप्ता ने महिला कार्यकर्ताओं के साथ राहुल गांधी के घर की ओर मार्च किया। कार्यकार्ताओं ने राहुल का पुतला जलाया। पुलिस ने भीड़ हटाने के लिए वाटर कैनन चलाई। केंद्रीय राज्य मंत्री रक्षा खडसे और भाजपा सांसद बांसुरी स्वराज को हिरासत में लिया गया है। दरअसल सरकार शुक्रवार को लोकसभा में संविधान का 131वां संशोधन बिल लाई थी। सरकार इसे पास नहीं करा पाई। यह 54 वोट से गिर गया। इसके जरिए संसद की 543 सीटें बढ़ाकर 850 करने का प्रावधान था।



भाजपा सांसद मनोज तिवारी ने कहा- मेरा मन बहुत रो रहा है। कल जब संसद में बिल पास नहीं हो पाया तो आपने पीएम मोदी का चेहरा देखा होगा कि उन्होंने अपने दर्द और आंसुओं को कैसे काबू में रखा। मेरा तो उठने का भी मन नहीं कर रहा था। कांग्रेस, एसपी, एएपी, टीएमसी, डीएमके ने इस देश की महिलाओं को चुनौती दी है। महिलाएं उन्हें जवाब देंगी। लोकसभा में संविधान (131वां संशोधन) विधेयक के पारित न हो पाने के विरोध में आंध्र प्रदेश सीएम चंद्रबाबू ने रैली निकाली।

# शियादेश ने फिर दिखाई आंख, ट्रंप को झटका

- कहा-अमेरिका को एनरिच्ड यूरेनियम नहीं सौंपेगा ईरान

**तेहरान (एजेंसी)।** ईरान ने शनिवार को एनरिच्ड यूरेनियम को लेकर अमेरिका को झटका दिया है। उसने राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के दावे को झुठलाते हुए दो टूक कहा है कि वह अमेरिका को एनरिच्ड यूरेनियम नहीं सौंपेगा। ईरान के उप विदेश मंत्री सईद खतीबजादेह ने यूरेनियम को लेकर अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के दावों को खारिज कर दिया और दोनों देशों के बीच भविष्य में होने वाली बातचीत के संबंध में सावधानी बरतने का संकेत दिया।

तुर्की के शहर अंताल्या में एसोसिएटेड प्रेस से बात करते हुए खतीबजादेह ने कहा कि ईरानी पक्ष अमेरिका के साथ



आमने-सामने की बातचीत के एक नए दौर के लिए तैयार नहीं है, क्योंकि अमेरिकियों ने अपनी अतिवादी स्थिति को नहीं छोड़ा है। शुक्रवार को ट्रंप ने कहा कि अमेरिका ईरान में जाकर सारी न्यूक्लियर धूल निकाल लाएगा। उनका इशारा 970 पाउंड (440 किलोग्राम) एनरिच्ड यूरेनियम की ओर था, जिसके बारे में माना जाता है कि वह उन न्यूक्लियर ठिकानों के नीचे दबा हुआ है, जिन्हें पिछले साल अमेरिकी सेना के हमलों से भारी नुकसान पहुंचा था। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने दावा किया था कि ईरान एनरिच्ड यूरेनियम सौंपने पर सहमत हो गया है। किसी भी तरह से, किसी भी रूप में पैसों का लेन-देन नहीं होगा।

### 24 घंटे के अंदर ईरान ने फिर बंद किया होर्मुज

इससे पहले, ईरान ने होर्मुज को फिर से खोलने के फैसले को लेकर तुरंत पलटी मारते हुए शनिवार को इस महत्वपूर्ण समुद्री मार्ग पर दोबारा प्रतिबंध लगा दिए। उसने यह फैसला तब किया जब इससे पहले अमेरिका ने कहा कि इस कदम से उसकी नाकेबंदी समाप्त नहीं होगी। देश की संयुक्त सैन्य कमान ने शनिवार को कहा कि होर्मुज पर नियंत्रण पहले की स्थिति में लौट आया है ... और अब यह सशस्त्र बलों के कड़े प्रबंधन और नियंत्रण में है। उसने चेतावनी दी कि जब तक ईरानी बंदरगाहों पर अमेरिकी नाकेबंदी जारी रहेगी, तब तक होर्मुज से आवागमन भी बाधित रखा जाएगा। यह घोषणा सुबह की गई, जब अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा था कि अमेरिकी नाकेबंदी तब तक पूरी तरह प्रभावी बनी रहेगी जब तक तेहरान अमेरिका के साथ समझौते पर नहीं पहुंचता, जिसमें उसके परमाणु कार्यक्रम का मुद्दा भी शामिल है।

## नीतिश कुमार के बेटे निशांत को मिली जेड सिक्योरिटी

- विजय कुमार सिन्हा की घटी, पूर्व मंत्री की भी बढ़ी सुरक्षा



**पटना (एजेंसी)।** बिहार की राजनीति में सुरक्षा को लेकर बड़ा बदलाव हुआ है। पूर्व मुख्यमंत्री नीतिश कुमार को जेड प्लस के बाद अब उनके बेटे निशांत कुमार को जेड श्रेणी की सुरक्षा प्रदान की गई है। इसके साथ ही सरकार ने कई अन्य नेताओं की सुरक्षा में भी फेरबदल किया है, जिसे राजनीतिक संकेतों के तौर पर देखा जा रहा है। पूर्व मंत्री श्रवण कुमार की सुरक्षा बढ़ाकर वाई प्लस (वाय+) कर दी गई है, जबकि पूर्व उपमुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा की सुरक्षा घटा दी गई है।

- **राज्य सुरक्षा समिति की बैठक में अनुशंसा-** विशेष शाखा की राज्य सुरक्षा समिति की 17 अप्रैल को हुई बैठक की अनुशंसा के आधार पर यह निर्णय लिया गया। जारी आदेश के अनुसार, विजय कुमार सिन्हा को पहले दी गई जेड प्लस सुरक्षा को घटाकर अब जेड श्रेणी कर दी गई। वहीं, जदयू नेता निशांत कुमार को जेड श्रेणी की सुरक्षा प्रदान की गई है।

## • प्रियंका वाड्रा ने सरकार को दे दी बड़ी चुनौती

# सोमवार को संसद बुलाइए, पुराना बिल लाइए

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** संविधान में संशोधन का बिल लोकसभा में पास नहीं हो पाया है। इसके अगले दिन कांग्रेस नेता प्रियंका गांधी ने सरकार को चुनौती दी है। प्रियंका ने कहाकि सरकार सोमवार को वह बिल लेकर आए, जिसे 2023 में सभी दलों ने समर्थन दिया था। सोमवार को ही संसद बुलाई जाए, हम सभी इसको समर्थन देंगे। प्रियंका ने भाजपा नीत एनडीए पर आरोप लगाया कि वह पश्चिम बंगाल और तमिलनाडु के वोटरों को गुमराह कर रही है। उन्होंने कहाकि विपक्ष पर आरोप लगाया जा रहा है कि वह महिला विरोधी हैं। जबकि यह बिल्कुल भी सही नहीं है। जिस पुराने बिल की बात प्रियंका कर रही हैं, वह नारी शक्ति वंदन अधिनियम है, जो 2023 में पास हुआ था। इसमें महिलाओं के लिए संसद और राज्य विधानसभाओं में 33 फीसदी आरक्षण की बात कही गई है।

### संघीय ढांचे को बदलने का षडयंत्र

प्रियंका ने शनिवार को कहाकि महिला आरक्षण से संबंधित संविधान संशोधन विधेयक देश के संघीय ढांचे को बदलने का षड्यंत्र था। लोकसभा में इसका गिरना लोकतंत्र,



संविधान एवं विपक्षी एकजुटता की जीत है। उन्होंने संवाददाताओं से कहाकि कल लोकतंत्र की बहुत बड़ी जीत हुई है। मोदी सरकार ने लोकतंत्र को कमजोर करने और संघीय ढांचे को बदलने की साजिश की थी, जिसे हमने हरा दिया। ये संविधान की जीत है, देश की जीत है, विपक्षी एकता की जीत है। प्रियंका ने कहा कि यह विपक्षी एकजुटता के लिए निर्णायक क्षण हो सकता है। प्रियंका ने आगे कहाकि गृह मंत्री (अमित शाह) और प्रधानमंत्री (नरेन्द्र मोदी) ने अपने भाषणों में कहाकि अगर विपक्ष इस मुद्दे पर सहमत नहीं होगा तो न कभी चुनाव जीत पाएगा, न ही सत्ता में आ पाएगा। इन बातों से ही साफ हो गया कि सरकार की मंशा क्या थी। प्रियंका ने दावा किया कि मेरा मानना है कि सरकार द्वारा जो साजिश रची गई, उसका उद्देश्य सत्ता हासिल करना है। इसके लिए सरकार ने महिलाओं का इस्तेमाल किया।

### मोदी सरकार को यह धक्का लगना जरूरी था

कांग्रेस सांसद ने दावा किया कि यह महिला आरक्षण विधेयक की बात नहीं थी। यह बात परिसीमन से जुड़ी हुई थी। मोदी सरकार को परिसीमन इस आधार पर करना था, जिसमें उसे जातिगत जनगणना के आंकड़ों को देखने की जरूरत नहीं होती और मनमानी करने की पूरी आजादी मिलती। ऐसे में मुमकिन ही नहीं था कि विपक्ष मोदी सरकार का साथ दे। कांग्रेस महासचिव ने कहा कि पूरे देश ने देख लिया है कि जब विपक्ष एकजुट होता है तो कैसे मोदी सरकार को हराया जाता है। प्रियंका गांधी ने कहाकि मोदी सरकार को पहली बार धक्का लगा है, इसलिए इसे 'काला दिन' कह रही है। ये धक्का लगना बहुत जरूरी था। उन्होंने कहाकि सरकार का मानना था कि अगर विधेयक पारित होगा तो उनकी जीत होगी और विधेयक पारित नहीं हुआ तो विपक्ष को महिला विरोधी बता देंगे। वे (भाजपा) ऐसा कर खुद को महिलाओं का मसीहा साबित करना चाहती थी। प्रियंका ने हाथरस, उन्नाव और महिला पहलवानों के मामलों का हवाला देते हुए कहा कि भाजपा का एक इतिहास है और सदन में इसके विपरीत कुछ कहने से कोई फर्क नहीं पड़ेगा। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार महिलाओं का मसीहा बनना चाहती है। कांग्रेस और विपक्ष के खिलाफ भाजपा के अभियान शुरू करने के बारे में पूछे जाने पर प्रियंका गांधी ने कहाकि आज महिलाओं का संघर्ष बहुत बढ़ चुका है। वे सरकार का पीआर और मीडियाबाजी देख रही हैं, समझ रही हैं। इसलिए अब यह सब नहीं चलेगा।

## पतरातू कार्यशाला के लिए मंत्री सुदिव्य कुमार सोनू को दिया गया निमंत्रण

**रांची, संवाददाताः** रामगढ़ जिले के पतरातू में एक मई को आयोजित होने वाली पत्रकारों की प्रदेश स्तरीय कार्यशाला को लेकर तैयारियां तेज हो गई हैं। इसी क्रम में शनिवार को गिरिडीह में भारती श्रमजीवी पत्रकार संघ की राष्ट्रीय कार्यकारिणी सह झारखंड जर्नलिस्ट एसोसिएशन की ओर से राज्य सरकार के मंत्री सुदिव्य कुमार सोनू को औपचारिक



रूप से आमंत्रित किया गया। राष्ट्रीय सचिव चंदन मिश्रा और बीएसपीएस के संस्थापक शाहनवाज हसन ने मंत्री से मुलाकात कर उन्हें कार्यशाला का निमंत्रण पत्र सौंपा। मंत्री सुदिव्य कुमार सोनू ने इस आमंत्रण को सहर्ष स्वीकार करते हुए कार्यक्रम में शामिल होने की सहमति दी। इस दौरान पत्रकारों के हितों, संगठन की मजबूती और मीडिया जगत से जुड़े विभिन्न महत्वपूर्ण मुद्दों पर भी विस्तार से चर्चा हुई। आयोजकों के अनुसार, एक मई को पतरातू में होने वाली इस कार्यशाला में झारखंड के विभिन्न जिलों से बड़ी संख्या में पत्रकार शामिल होंगे। कार्यक्रम का उद्देश्य पत्रकारों के बीच आपसी समन्वय बढ़ाना, उनके अधिकारों और चुनौतियों पर चर्चा करना तथा संगठन को और अधिक सशक्त बनाना है। कार्यशाला को सफल बनाने के लिए तैयारियों को अंतिम रूप दिया जा रहा है। आयोजकों को उम्मीद है कि यह कार्यक्रम पत्रकारों के लिए उपयोगी साबित होगा और मीडिया जगत से जुड़े कई अहम मुद्दों पर सकारात्मक पहल का मार्ग प्रशस्त करेगा।

## संक्षिप्त समाचार

### सीएसपी में लूट का दावा निकला झूठा, संचालक बोला- मोबाइल में पर्सनल फोटो विवाद में हुई थी तोड़फोड़

**हाजीपुर।** वैशाली के भगवानपुर बाजार स्थित एक ग्राहक सेवा केंद्र (सीएसपी) में शुक्रवार देर शाम हुई तोड़फोड़ और मारपीट की घटना में नया खुलासा हुआ है। पुलिस जांच में सीएसपी संचालक द्वारा डेढ़ लाख रुपये की लूट का दावा झूठा पाया गया है। संचालक ने स्वीकार किया है कि लूट नहीं हुई थी, बल्कि केवल तोड़फोड़ की गई थी। शुरुआती जानकारी के अनुसार, आधा दर्जन अज्ञात बदमाशों ने सीएसपी केंद्र पर हमला किया था। उन्होंने संचालक के साथ मारपीट की और दुकान में तोड़फोड़ की। घटना की सूचना मिलते ही भगवानपुर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जांच शुरू की। पुलिस पूछताछ में सीएसपी संचालक मनीष कुमार ने स्वीकार किया कि उसने लूट की झूठी कहानी गढ़ी थी। उसने बताया कि वास्तव में केवल तोड़फोड़ हुई थी। संचालक के अनुसार, किरतपुर गांव निवासी जयनाथ कुमार ने सुबह उसे फोन कर आरोप लगाया था कि उसने किसी के मोबाइल से निजी तस्वीरें निकालकर वायरल कर दी हैं। संचालक ने इस आरोप का खंडन करते हुए कहा था कि वह मोबाइल बनाने का काम नहीं करता है। शाम होते ही आधा दर्जन अज्ञात बदमाशों ने सीएसपी केंद्र पर हमला कर दिया। संचालक ने आशंका जताई है कि यह घटना मोबाइल से तस्वीरें वायरल करने के विवाद से जुड़ी हो सकती है। पुलिस मामले के सभी पहलुओं से गहनता से छानबीन कर रही है। इस संबंध में भगवानपुर थाना अध्यक्ष सत्येंद्र कुमार सत्यार्थी ने बताया कि मोबाइल फोन से फोटो वायरल करने का आरोप लगाकर कुछ लड़कों ने सीएसपी सेंटर में तोड़फोड़ की थी। उन्होंने स्पष्ट किया कि सीएसपी संचालक द्वारा डेढ़ लाख रुपये की लूट की घटना बताई गई थी, जो पूरी तरह गलत है। थाना अध्यक्ष ने पुष्टि की कि सीएसपी संचालक मनीष कुमार ने स्वीकार किया है कि कोई रुपए लूटे नहीं गए हैं।

### हाजीपुर इंडस्ट्रियल एरिया की फोम फैक्ट्री में आग, फायर ब्रिगेड की कई गाड़ियां मौके पर

**हाजीपुर।** वैशाली के हाजीपुर स्थित इंडस्ट्रियल एरिया में एक फोम फैक्ट्री में आग लग गई। आग की लपटें दूर से ही दिखाई दे रही थीं।



सूचना मिलते ही दमकल विभाग की कई गाड़ियां मौके पर पहुंचीं। अग्निशमन कर्मी आग पर काबू पाने का लगातार प्रयास कर रहे हैं। आग लगने की जानकारी मिलते ही इंडस्ट्रियल थाना पुलिस अधिकारी और फायर ब्रिगेड की टीम घटनास्थल पर पहुंची। इसके बाद आग पर काबू पाने की कोशिश लगातार की जा रही है। घटना की सूचना के बाद देखते ही देखते भारी संख्या में लोग भी जमा हो गए। पुलिस अधिकारियों ने फोम फैक्ट्री से लोगों को बाहर निकालने के लिए निर्देश दिए। वे सायरन बजाते और लोगों को बाहर जाने का इशारा करते देखे गए। आग इतनी तेज थी कि फैक्ट्री परिसर को अपनी चपेट में ले लिया। आग लगने के कारणों का अभी पता नहीं चल पाया है।

### 51 ग्राम हेरोइन जब्त, एक तस्कर गिरफ्तार, मदारपुर चौक से चंदन कुमार को न्यायिक हिरासत में भेजा

**हाजीपुर।** वैशाली जिले की गंगाब्रिज थाना पुलिस ने 16 अप्रैल 2026 को मदारपुर चौक से एक मादक पदार्थ तस्कर को गिरफ्तार किया। उसके पास से 51 ग्राम हेरोइन बरामद हुई है। 17 अप्रैल की शाम में SP ने प्रेस कांफ्रेंस कर मामले की जानकारी दी है। पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि गंगाब्रिज थाना क्षेत्र के मदारपुर चौक पर एक तस्कर हेरोइन बेचने आने वाला है। इस सूचना के सत्यापन और आवश्यक कार्रवाई के लिए वैशाली पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर एक विशेष अभियान चलाया गया। अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी सदर-1, हाजीपुर सुबोध कुमार के नेतृत्व में दंडाधिकारी और गंगाब्रिज थाना पुलिस की टीम ने त्वरित कार्रवाई की।



टीम ने मदारपुर चौक से चंदन कुमार को गिरफ्तार किया। चंदन कुमार मानसिंहपुर, थाना- सराय, जिला- वैशाली निवासी बीरचंदर चौरसिया का पुत्र है। वैशाली पुलिस अधीक्षक विक्रम सिहाग ने बताया कि गिरफ्तार चंदन कुमार के पास से कुल 110 छोटी डिबियों में रखी 51 ग्राम अवैध मादक पदार्थ स्मैक (हेरोइन) बरामद हुई है। पूछताछ के दौरान अभियुक्त ने बताया कि वह यह अवैध मादक पदार्थ कहां से लाया था और किसे बेचने वाला था। इस संबंध में गंगाब्रिज थाना में कांड संख्या 100/26 दर्ज किया गया है। गिरफ्तार अभियुक्त को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। पुलिस उसके आपराधिक इतिहास का भी पता लगा रही है। वैशाली पुलिस जिले में अवैध मादक पदार्थों के सेवन और बिक्री पर रोक लगाने तथा तस्करों की गिरफ्तारी के लिए लगातार अभियान चला रही है। यह गिरफ्तारी इसी अभियान का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है।

### वांछित अपराधी सुनील कुमार अवैध हथियार के साथ गिरफ्तार, पुलिस ने लूट के एक दर्जन मामले सुलझाए

**हाजीपुर।** वैशाली पुलिस ने एक वांछित अपराधी सुनील कुमार को अवैध हथियार के साथ गिरफ्तार किया है। इस गिरफ्तारी से लूटपाट के लगभग एक दर्जन मामलों का खुलासा हुआ है। सदर थाना पुलिस ने आरोपी को पकड़ा और उसकी निशानदेही पर एक देशी कट्टा तथा एक जिंदा कारतूस बरामद किया। यह कार्रवाई जिले में वांछित और गंभीर अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत की गई। पुलिस के अनुसार, फरवरी माह में सदर थाना क्षेत्र में लूट की दो बड़ी घटनाएं हुई थीं। 22 फरवरी को विशनपुर बालाधारी में एक मोटरसाइकिल सवार से बाइक लूटी गई थी। इसके बाद, 27 फरवरी को मलमल्ला चौड़ में एक अन्य मोटरसाइकिल सवार से बाइक और मोबाइल लूटा गया था। इन घटनाओं की गंभीरता को देखते हुए वैशाली पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर एक विशेष टीम का गठन किया गया था। इस टीम का नेतृत्व अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी सदर-1, हाजीपुर, सुबोध कुमार कर रहे थे, जिसमें सदर थानाध्यक्ष भी शामिल थे। गठित विशेष टीम ने लगातार छापेमारी की। मानवीय और तकनीकी अनुसंधान के आधार पर सुनील कुमार को उसके ननिहाल साहदुल्लाहपुर से गिरफ्तार किया गया। सुनील कुमार पुत्र लखेन्दर पासवान, निवासी चकबालाधारी, थाना सदर, जिला वैशाली का रहने वाला है। उसकी निशानदेही पर चकबालाधारी से एक देशी कट्टा और एक जिंदा कारतूस बरामद हुआ। पुलिस के मुताबिक, आरोपी सुनील कुमार पर पहले से लगभग एक दर्जन गंभीर आपराधिक मामले दर्ज हैं। वह सदर और आसपास के थाना क्षेत्रों का एक सक्रिय अपराधी रहा है। इस संबंध में सदर थाना में कांड संख्या 246/26 दर्ज किया गया है। गिरफ्तार अभियुक्त को न्यायिक हिरासत में भेजा जा रहा है।

### मुजफ्फरपुर एसकेएमसीएच में युवक की मौत

**मुजफ्फरपुर।** मुजफ्फरपुर में श्रीकृष्ण मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल में मरीज की मौत के बाद परिजनों ने जमकर हंगामा किया। मृतक की पहचान कांटी कोठिया के निवासी महेंद्र पासवान के पुत्र संतोष पासवान के तौर पर हुई है। मिली जानकारी के अनुसार, संतोष पासवान बीते दिनों बोचहां थाना क्षेत्र में सड़क दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल हो गए थे। हादसे के बाद SKMCH भर्ती कराया गया था। जहां इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। परिजनों का आरोप है कि समय पर और उचित इलाज नहीं मिलने के कारण संतोष की जान गई। मरीज की स्थिति को लेकर डॉक्टरों की ओर से सही जानकारी नहीं दी गई। कई बार पूछने पर भी संतोषजनक जवाब नहीं मिला। परिजनों का आरोप है कि जब डॉक्टरों से जानकारी लेने पहुंचे और सवाल-जवाब करने लगे, तो वहां मौजूद सुरक्षा गार्ड ने उनके साथ मारपीट की। मारपीट में मृतक के पिता महेंद्र पासवान समेत तीन लोग घायल हो गए। परिजनों और सुरक्षा कर्मियों के बीच विवाद बढ़ने से स्थिति कुछ समय के लिए बिगड़ गई। सूचना मिलने पर स्थानीय पुलिस टीम मौके पर पहुंची और हालात को काबू में किया। अस्पताल प्रशासन की ओर से फिलहाल कोई आधिकारिक बयान सामने नहीं आया है। पुलिस अपने स्तर से छानबीन कर रही है।

---

पटना में बुजुर्ग पर फायरिंग मामले में खुलासा, बेटा समेत तीन अरेस्ट, एक फरार

# 5 करोड़ की संपत्ति विवाद में पिता पर चलवाई गोली

**एजेंसी, पटना**

पटना के शास्त्रीनगर थाना क्षेत्र में 14 मार्च की सुबह एजी कॉलोनी स्थित खटाल में सो रहे बुजुर्ग को गोली मारने के मामले का पुलिस ने खुलासा कर दिया है। इस वारदात के पीछे पारिवारिक संपत्ति विवाद सामने आया है। इस मामले में बुजुर्ग के बेटा दीपक कुमार, नरेश यादव, मिथलेश यादव समेत शास्त्रीनगर थाने की पुलिस ने 3 आरोपियों को अरेस्ट किया है, जबकि एक आरोपी राज्य से बाहर फरार हो गया।

**बेटा समेत अन्य पर जताई साजिश की आशंका**: एजी कॉलोनी स्थित खटाल में सो रहे एक बुजुर्ग को बदमाशों ने गोली मार दी थी। इसके बाद उसे पीएमसीएच में एडमिट कराया गया था। इलाज के दौरान उनकी जान बच गई। घायल की पहचान 60 वर्षिय शिव कुमार यादव के रूप में हुई। बुजुर्ग ने घटना के बाद बेटा समेत अन्य लोगों पर भी साजिश की आशंका जताई थी। इसके बाद SIT का गठन किया गया था, जिसका नेतृत्व सचिवालय SDPO 2 साकेत कुमार कर रहे थे।



**5 करोड़ की संपत्ति को लेकर था विवाद**: पुलिस के मुताबिक, शिवकुमार यादव के तीन बेटे हैं- रवि, शुभम और दीपक। शिवकुमार यादव अपने दूसरे बेटे शुभम के साथ रहते हैं, जबकि रवि और दीपक एक साथ रहते हैं। खासबात यह है कि रवि और दीपक की शादी जहानाबाद में हुई है। दोनों की पत्नी सगी बहनें हैं। रवि और दीपक को लग रहा था कि पिता शिवकुमार यादव संपत्ति बेच-बेचकर दूसरे नंबर के भाई शुभम को दे रहे हैं। गया के नवाडीह, पटना के परसा और शास्त्री नगर इलाके के एजी कॉलोनी में शिवकुमार की जमीन है, जिसकी कीमत तकरीबन 4 से 5 करोड़ रुपए है।

**एक ही भाई को सारी संपत्ति देने क शकः** दीपक और रवि दोनों कुरियर कंपनी में काम करते हैं। पूछताछ के दौरान उन्होंने बताया कि पिता शिवकुमार यादव ने हाल ही में एजी कॉलोनी स्थित एक कट्ठा के प्लाट की डील 56 लाख रुपए में की थी। उसे बेचकर जमीन के रुपए शुभम को देने वाले थे। इसीलिए अपने ससुराल पक्ष के लोगों से बातचीत करके रास्ते से शिवकुमार यादव को हटाने का फैसला किया। दीपक ने अपने ससुर से बातचीत की और दीपक के ससुर ने अपने रिश्तेदारों को हत्या करने की नीयत से पटना बुला लाया। दीपक ने यहां पटना में हथियार की व्यवस्था की थी। सेंट्रल एसपी दीक्षा ने बताया कि, पारिवारिक विवाद में इस घटना को अंजाम दिया गया था। दीपक के ससुर मिथिलेश राय और उनके रिश्तेदार को अरेस्ट किया गया है। घटना में शामिल की गई बाइक और हथियार बरामद कर लिए गए हैं। आरोपी दीपक की निशानदेही पर दो देशी कट्टा और जिंदा कारतूस बरामद किए गए हैं।

---

## पटना के बेउर जेल में देर रात छापेमारी, 200 पुलिसकर्मियों ने वार्ड-बैरकों की ली तलाशी

**एजेंसी, पटना**

पटना के अति संवेदनशील बेउर जेल में देर रात पुलिस ने बड़े पैमाने पर छापेमारी की। इस दौरान जेल परिसर से एक मोबाइल फोन और कुछ अन्य संदिग्ध सामान बरामद किए गए। यह कार्रवाई अपराध नियंत्रण को ध्यान में रखते हुए की गई थी। यह अभियान शुक्रवार रात करीब 11:10 बजे शुरू हुआ, जब लगभग 200 पुलिसकर्मियों की टीम ने जेल को चारों ओर से घेर लिया। पटना के सिटी एसपी पश्चिम भानु प्रताप सिंह ने इस अभियान का नेतृत्व किया। अचानक हुई इस कार्रवाई से जेल के अंदर हड़कंप मच गया और कैदियों के बीच हलचल तेज हो गई।

**वार्ड-बैरकों की सघन तलाशीः** पुलिस टीम ने जेल के विभिन्न वार्डों, बैरकों और संदिग्ध स्थानों की गहन तलाशी ली। तलाशी के दौरान एक जगह छिपाकर रखा गया मोबाइल फोन और अन्य संदिग्ध वस्तुएं मिलीं। हालांकि बरामद सामग्री की संख्या और प्रकृति के बारे में विस्तृत जानकारी अभी सार्वजनिक नहीं की गई है।

**अपराध नियंत्रण के लिए कार्रवाईः** सिटी एसपी पश्चिम भानु प्रताप सिंह ने बताया कि, 'यह छापेमारी अभियान पूरी तरह



♦ मोबाइल समेत संदिग्ध सामान बरामद

योजनाबद्ध था। अपराध नियंत्रण और जेल में अनुशासन बनाए रखने के लिए ऐसी कार्रवाई समय-समय पर की जाती है। बरामद मोबाइल और अन्य संदिग्ध वस्तुओं की जांच की जा रही है, और इस मामले में आगे की कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।'

**सुरक्षा व्यवस्था होगी और कड़ीः** इस छापेमारी के बाद जेल प्रशासन भी सतर्क हो गया है। सुरक्षा व्यवस्था को और मजबूत करने के निर्देश दिए गए हैं ताकि भविष्य में ऐसी घटनाओं को रोका जा सके। अधिकारियों का मानना है कि जेल के अंदर मोबाइल फोन जैसे उपकरणों का इस्तेमाल बाहरी दुनिया से संपर्क बनाए रखने और आपराधिक गतिविधियों को अंजाम देने में किया जा सकता है।

---

## पटना में एग्जीक्यूटिव इंजीनियर के ठिकानों पर एसवीयू की छापेमारी

**एजेंसी, पटना**

नगर विकास एवं आवास विभाग के एग्जीक्यूटिव इंजीनियर राजीव कुमार के खिलाफ आय से अधिक संपत्ति के मामले में बड़ी कार्रवाई की गई है। स्पेशल विजिलेंस यूनिट (SVU) ने उनके खिलाफ 1 करोड़ 10 लाख 24 हजार 271 रुपये की अवैध संपत्ति अर्जित करने के आरोप में FIR दर्ज किया है। विशेष निगरानी इकाई की टीम लगभग सुबह 7: 30 मिनट पर 8 सदस्यीय टीम रामनगरी स्थित सुमित चंद्र गृहम अपार्टमेंट पहुंची। एसवीयू के डीएसपी चंद्र भूषण श्रीवास्तव के नेतृत्व में 8 सदस्यीय टीम घर में छानबीन कर रही है। बताया जाता है कि राजीव कुमार अपने परिवार के सदस्यों के साथ इसी अपार्टमेंट में रहते हैं।

आज SVU की टीम ने एग्जीक्यूटिव इंजीनियर राजीव कुमार



के 3 ठिकानों पर छापेमारी शुरू की है। इनमें, पहला ठिकाना पटना के रामनगरी में सुमित गृहम अपार्टमेंट के वेस्ट ब्लॉक में फ्लैट नंबर- B 202 है। दूसरा ठिकाना दानापुर के खगौल रोड में लैंडमार्क गोल्ड का फ्लैट नंबर 807 है। वहीं, तीसरा ठिकाना पंत भवन के 6वें फ्लोर स्थित इनका सरकारी ऑफिस है।

दानापुर सगुना खगौल रोड स्थित अपार्टमेंट लैंडमार्क गोल्ड में फ्लैट संख्या 807 एग्जीक्यूटिव इंजीनियर राजीव कुमार का है। आय से अधिक सम्पत्ति मामले में SUV की टीम यहां छापेमारी करने पहुंची है।

---

## गेहूं की फसल में लगी आग, 50 बीघे से अधिक फसल जलकर राख, किसानों को लाखों का नुकसान

**एजेंसी, पटना**

पटना जिले के पालीगंज अनुमंडल के बिक्रम प्रखंड अंतर्गत पतुत गांव के बधार में शनिवार को भीषण आग लग गई। इस घटना में गांव के कई किसानों की 50 बीघे से अधिक कई किसानों के गेहूं की फसल जलकर राख हो गई। माना जा रहा है कि इस आगजनी से किसानों को 10 लाख से अधिक का नुकसान हुआ है। आग लगने का कारण तेज हवा और बिजली का शॉर्ट सर्किट फिलहाल बताया जा रहा है। जानकारी मिलते ही स्थानीय ग्रामीण और प्रशासन आग बुझाने में जुट गए।

**किसानों की पूरी फसल जलकर राखः** ग्रामीणों ने बताया कि आग की सूचना मिलते ही वे मौके पर पहुंचे, लेकिन तब तक

सरकार से मुआवजे की रखी मांग



आग पूरी तरह फैल चुकी थी। घटना की जानकारी स्थानीय प्रशासन और दमकल विभाग को दी गई। मौके पर दमकल की दो गाड़ियां भी पहुंचीं, लेकिन उनके पहुंचने से पहले ही किसानों की पूरी फसल जलकर राख हो चुकी थी।

**पीड़ित किसानों ने सरकार से मांगा मुआवजाः** इस आगजनी में किसान रेवती रमण सिंह, राधा रमण सिंह, राज कुमार सिंह, संजय सिंह और सरोज सिंह सहित कई अन्य किसानों की गेहूं की फसल प्रभावित हुई है। पीड़ित किसानों ने सरकार से जल्द से जल्द उचित मुआवजे की मांग की है।

**आग कैसे लगी, इसकी जांच की जारी- पुलिसः** घटना को लेकर थाना प्रभारी सह प्रशिक्षु डीएसपी विनय रंजन ने बताया कि, पतुत गांव के ग्रामीणों से गेहूं की फसल में आग लगने की सूचना मिलते ही दमकल को सूचना दी गई। स्थानीय प्रशासन दमकल विभाग की कई गाड़ियां मौके पहुंची, जहां काफी मशक्कत के बाद आग पर को पाया गया। हालांकि, आग कैसे लगी है, इसकी जांच की जारी है। स्थानीय तेज हवा और बिजली की शॉट सर्किट की वजह से आग लगने की संभावना जता रहे हैं।

---

## जू परिसर में 15 सेल्फी प्वाइंट बनेंगे, 4.87 करोड़ की लागत से तैयार होगा नया कैफेटेरिया

**एजेंसी, पटना**

पटना जू परिसर में 15 सेल्फी प्वाइंट बनेंगे। इसके अलावा गेट नंबर-1 के पास 4 करोड़ 87 लाख रुपए की लागत से नया कैफेटेरिया भी बनेगा। इसके साथ ही 2 नए फूड कियोस्क भी बनाए जाएंगे। ये सभी जानकारी पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग के अपर मुख्य सचिव आनंद किशोर ने दी। संजय गांधी जैविक उद्यान प्रबंधन समिति की आज बैठक आयोजित की गई, जिसमें यह सभी फैसले लिए गए। उन्होंने बताया कि पटना जू का कायाकल्प होने वाला है।

**जू में 23 पदों पर बहाली को स्वीकृति मिलीः** पटना जू में बड़ी बहाली और विकास योजनाओं को भी मंजूरी मिली है। जू में 23 पदों पर बहाली को स्वीकृति मिल गई है। अब फार्मासिस्ट, प्लंबर, वेल्डर और कारपेंटर समेत कई पदों पर नियुक्ति होगी। वहीं, जू के 346 कर्मियों के वेतन में 2000 रुपए की बढ़ोतरी की गई है। इसके साथ ही पटना जू के



❑ गाइड के लिए देने होंगे 10 रुपए

1 और 2 नंबर गेट को पुनर्निर्माण किया जाएगा। इसके अलावा स्टाफ रूम और शौचालय का भी निर्माण कराया जाएगा।

**पटना जू में 16 गाइड रखे जाएंगेः** इसके साथ ही करीब 4 करोड़ 94 लाख रुपए की लागत से टिकट काउंटर, शॉप और सामान रखने की जगह बनेगी। पर्यटकों के लिए ट्री टॉप वॉक बनाया जाएगा। चिल्ड्रेन पार्क को भी नए स्वरूप में विकसित किया जाएगा। पटना जू में 16 गाइड रखे जाएंगे। गाइड सेवा के लिए 10 रुपए शुल्क देना होगा। जू में बैठने के लिए 150 ईको-फ्रेंडली बेंच भी लगाए जाएंगे। टॉय ट्रेन को लेकर बड़ा अपडेट दिया गया है। इंडियन रेलवे को 5 करोड़ रुपए भेजा गया है।

---

## पटना में कांग्रेस नेताओं को गांधीगिरी की ट्रेनिंग सदाकत आश्रम में सर्वोदय संकल्प शिविर शुरू

**एजेंसी, पटना**

कांग्रेस मुख्यालय सदाकत आश्रम में आज तीन दिवसीय 'सर्वोदय संकल्प शिविर' का आयोजन किया गया है। इस कार्यक्रम में सभी 40 जिला पर्यवेक्षकों को गांधीगिरी की क्लास दी जाएगी। इस शिविर में सभी पर्यवेक्षकों को तमिलनाडु के रिटायर्ड DGP करुणा सागर ट्रेनिंग देंगे। इस कार्यक्रम का उद्घाटन बिहार कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष राजेश राम ने किया। यहां गांधी जी से प्रेरित वर्धा से खास चरखा मंगाया गया है। इस शिविर के सफल आयोजन के बाद हर जिलों और प्रखंड में जाकर ऐसे ही ट्रेनिंग कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा।

**सदाकत आश्रम लगी गांधीगिरी की क्लासः** प्रदेश अध्यक्ष राजेश राम ने कहा कि, 'इस कार्यक्रम का आयोजन गांधी जी के विचारधारा को फिर से जिंदा करने के लिए किया गया है। जिस तरह से गांधी जी अपने सत्य-अहिंसा के विचारों से, बिना लाठी गोली



❑ तमिलनाडु के रिटायर्ड डीजीपी दे रहे प्रशिक्षण

और हथियार के देश को आजादी दिलाई। वही विचारधारा कांग्रेस के विचारधारा के साथ जुड़ी हुई है। पूरे देश में सिर्फ कांग्रेस पार्टी ही है जो बापू के विचारधारा के साथ राजनीति कर रही है।

**जमीन पर सो रहे हैं सभी जिला पर्यवेक्षकः** इस कार्यक्रम के लिए सदाकत आश्रम में ही सभी जिला पर्यवेक्षकों के रहने-खाने के इंतजाम किए गए हैं। सभी लोग सदाकत आश्रम में ही एक व्यवस्थित स्थान पर जमीन पर सो रहे हैं। सुबह-सुबह फ्रेश होने के बाद श्रमदान और प्रभात फेरी कराई जा रही है।

**सुबह नाश्ता, दोपहर में लंच का इंतजामः** सुबह में नाश्ते में पूड़ी, चने-आलू की सब्जी और जलेबी दी गई। वहीं, दोपहर लंच में चावल, दाल और दो तरह के सब्जी के साथ पापड़, अचार का इंतजाम किया गया है। इस कार्यक्रम के लिए प्रदेश अध्यक्ष ने कमेटी का भी गठन किया था, जिसमें 9 लोगों का नाम शामिल था।

---

## पटना के एलएनजेपी ट्रॉमा सेंटर में सर्जिकल सेवाएं शुरू

**एजेंसी, पटना**

पटना के लोकनायक जयप्रकाश अस्पताल (LNJP) ट्रॉमा सेंटर में बहुप्रतीक्षित सर्जिकल सेवाओं की शुरुआत हो गई है। अस्पताल प्रशासन ने इमरजेंसी ऑपरेशन थिएटर को सक्रिय कर ट्रायल फेज में सर्जरी शुरू की है। इस पहल से सड़क दुर्घटनाओं में गंभीर रूप से घायल मरीजों को 'गोल्डन ऑवर' (पहले एक घंटे) के भीतर समुचित इलाज मिलने की उम्मीद है। पहले ऐसे मरीजों को प्राथमिक उपचार के बाद बड़े अस्पतालों में रेफर करना पड़ता था, जिससे इलाज में देरी होती थी और जान का जोखिम बढ़ जाता था।

**मरीजों को अस्पतालों में भटकना नहीं पड़ेगाः** अस्पताल प्रशासन के अनुसार, ट्रॉमा सेंटर में



अब जनरल सर्जरी, न्यूरो सर्जरी और क्रिटिकल केयर जैसी महत्वपूर्ण सेवाएं शुरू की जा रही हैं। दुर्घटना में घायल मरीजों को अक्सर सिर, छाती, पेट या आंतरिक अंगों में गंभीर चोटें आती हैं, जिनका इलाज अब यहीं संभव हो सकेगा। इसके लिए अस्पताल में ऑर्थोपेडिक सर्जनों के अलावा न्यूरो सर्जन, जनरल सर्जन और कार्डियक विशेषज्ञों की टीम उपलब्ध कराई जा रही है। इससे मरीजों को अलग-अलग अस्पतालों में भटकना नहीं पड़ेगा और समय पर इलाज सुनिश्चित हो सकेगा।

---

## बिहार के सभी एसटीपी कंट्रोल रूम से जुड़ेंगे

**एजेंसी, पटना**

बिहार के सभी STP (सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट) सेंटर्लाइज्ड SCADA सिस्टम से कनेक्ट होंगे। सभी STP एक कंट्रोल रूम से जुड़ेंगे। इससे पानी की गुणवत्ता, फ्लो रेट और पंपों की स्थिति रीयल-टाइम में देखी जा सकेगी। वहीं, किसी भी गड़बड़ी पर तुरंत अलर्ट मिलेगा। इसी सिस्टम से ऑनलाइन मॉनिटरिंग भी होगी। इससे ट्रांसपेरेंसी और एफिशिएंसी दोनों बढ़ेगी। बुडको SCADA (Supervisory Control and Data Acquisition) सिस्टम को पूरी तरह सेन्टर्लाइज तरीके से लागू करेगा।

**वर्ल्ड बैंक टीम ने नमामि गंगे परियोजनाओं का निरीक्षण कियाः** दरअसल, बुडको की



नमामि गंगे परियोजनाओं का वर्ल्ड बैंक टीम ने निरीक्षण किया। बिहार के विभिन्न जिलों में जाकर टीम ने वाटर ट्रीटमेंट, वाटर रियूज, ऑनलाइन मॉनिटरिंग सहित कई बिन्दुओं की जांच की। इस निरीक्षण के बाद टीम ने प्रबंध निदेशक अनिमेष कुमार पराशर के साथ बैठक की, जहां वे एसटीपी की स्थिती से खुश नजर आए। वर्ल्ड बैंक की टीम ने 13 से 17 अप्रैल तक भागलपुर, मुंगेर और बेगूसराय, पटना के कई STP (सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट) और अन्य जल उपचार इकाइयों का स्थलीय निरीक्षण किया था।

**ट्रीटेड पानी का अधिकतम उपयोग करने का प्रयासः** टीम ने STP की स्थिति उम्मीद से बेहतर पाई। टीम ने पानी के

❑ रीयल-टाइम होगी मॉनिटरिंग, गड़बड़ी पर तुरंत मिलेगा अलर्ट, वर्ल्ड बैंक ने किया निरीक्षण

फिर से इस्तेमाल और ऑनलाइन मॉनिटरिंग प्रणाली की विशेष प्रशंसा की और नए आयाम सेट करने के लिए कई सुझाव दिए। अनिमेष कुमार पराशर ने कहा कि उनका प्रयास ट्रीटेड पानी का अधिकतम उपयोग करना है। उन्होंने कहा कि अब हरियाली और उद्योगों में लगाने की योजना विभाग स्तर पर तैयार की जा रही है। इसके साथ ही STP में संचालित SCADA सिस्टम को और मजबूत की जाएगी, जिससे हर प्लांट की रीयल-टाइम निगरानी हो सके।

## संक्षिप्त समाचार

### शराब कांड के दो वांछित अभियुक्त गिरफ्तार

**बीएनएम @ अरेराज/संग्रामपुर**। बिहार में शराबबंदी कानून को पूर्णतः प्रभावी बनाने और लंबित मामलों के त्वरित निष्पादन हेतु चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत संग्रामपुर पुलिस ने एक बड़ी सफलता अर्जित की है। थानाध्यक्ष अनूप कुमार के कुशल नेतृत्व में पुलिस टीम ने विभिन्न कांडों में लंबे समय से फरार चल रहे दो मुख्य अभियुक्तों को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार, पकड़े गए आरोपियों में कोइरीगांवा बिंद टोली निवासी आल्हा मुखिया का पुत्र कामेश्वर मुखिया शामिल है, जो कांड संख्या 33/20 में वांछित था। वहीं, दूसरे अभियुक्त पुछरीया निवासी राजकिशोर सिंह के पुत्र शत्रुघन कुमार को पुलिस ने कांड संख्या 158/26 के तहत दबोचा है। थानाध्यक्ष अनूप कुमार ने इस संबंध में विस्तार से बताते हुए कहा कि ये दोनों आरोपी शराब से जुड़े गंभीर मामलों में नामजद थे और गिरफ्तारी से बचने के लिए लगातार ठिकाने बदल रहे थे। पुलिस को मिली सटीक गुप्त सूचना के आधार पर विशेष टीम ने छापेमारी कर इन्हें इनके ठिकानों से गिरफ्तार किया। थाने में आवश्यक कागजी कार्रवाई और कानूनी औपचारिकताएं पूरी करने के उपरांत, दोनों अभियुक्तों को माननीय न्यायालय में पेशी हेतु भेज दिया गया है। पुलिस की इस मुस्तैद कार्रवाई से क्षेत्र के शराब कारोबारियों और असामाजिक तत्वों के बीच हड़कंप व्याप्त है। थानाध्यक्ष ने सख्त लहजे में चेतावनी दी है कि क्षेत्र में अवैध गतिविधियों या शराब के कारोबार में लिप्त किसी भी व्यक्ति को किसी भी सूरत में बख्शा नहीं जाएगा और पुलिस का यह अभियान निरंतर जारी रहेगा।

### नयन कुमार कमल के नेतृत्व में ऑल इंडिया लियाफी हो रहा मजबूत, 'चलो शाखा की ओर' अभियान शुरू

**बीएनएम @ रक्सौल**। एलआईसी अभिकर्ता संघ ऑल इंडिया लियाफी के पूर्व क्षेत्रीय अध्यक्ष (पूर्व मध्य क्षेत्र) नन्दलाल वर्णवाल एवं पूर्व क्षेत्रीय उपाध्यक्ष बिपिन कुशवाहा के रक्सौल शाखा आगमन पर अभिकर्ताओं ने उनका भव्य स्वागत किया। इस दौरान पुष्पगुच्छ और अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया गया। सभा को संबोधित करते हुए नन्दलाल वर्णवाल ने कहा कि राष्ट्रीय अध्यक्ष नयन कुमार कमल एवं राष्ट्रीय महासचिव बिनोद यू. थुटे के कुशल नेतृत्व में संगठन लगातार मजबूती के साथ आगे बढ़ रहा है। उन्होंने अभिकर्ताओं से संगठन के प्रति सक्रियता बढ़ाने का आह्वान किया। वहीं, पूर्व क्षेत्रीय उपाध्यक्ष बिपिन कुशवाहा ने कहा कि देशभर के करीब 12 लाख अभिकर्ताओं के मान-सम्मान, हितों और अधिकारों की रक्षा के लिए संगठन प्रतिबद्ध है। उन्होंने अभिकर्ताओं की एकता और एकजुटता पर विशेष जोर दिया। कार्यक्रम के दौरान राष्ट्रीय अध्यक्ष नयन कुमार कमल ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से अभिकर्ताओं को 'चलो शाखा की ओर' अभियान के तहत संबोधित किया। उन्होंने 'लर्न मोर, अर्न मोर' तथा 'नो योर प्रोफेशन, नो योर फेडरेशन' का संदेश देते हुए अभिकर्ताओं को पेशेवर दक्षता बढ़ाने पर बल दिया। इस अवसर पर रक्सौल शाखा अध्यक्ष रंजन मिश्रा, सचिव अवधकिशोर सिंह, कोषाध्यक्ष विजय कुमार समेत लक्ष्मण प्रसाद यादव, प्रदीप कुमार, संतोष गुप्ता, राजेश कुमार पचौरी, प्रेमचंद ठाकुर, मनीष कुमार, चन्देश्वर वर्मा, देवलाल कुमार महतो, तारकेश्वर कुमार, मदन प्रसाद और राजेश मिश्रा सहित कई अभिकर्ता उपस्थित रहे।

### गोबिंदापुर में अधेड़ की संदिग्ध मौत, शराब सेवन की आशंका

**बीएनएम @ तुरकौलिया**। थाना क्षेत्र के गोविंदापुर गांव से पुलिस ने शनिवार सुबह एक अधेड़ व्यक्ति का शव बरामद किया। मृतक की पहचान गांव निवासी बनारसी साह के रूप में हुई है। घटना के बाद गांव में दहशत का माहौल व्याप्त है। परिजनों के अनुसार, बनारसी साह ने शुक्रवार को दिनभर काम किया और शाम में भोला नामक युवक के साथ था। आरोप है कि भोला ने उसे शराब खरीदकर दी, जिसे पीने के बाद देर रात उसकी तबीयत बिगड़ गई। परिजन उसे ऑटो से अस्पताल ले जा रहे थे, लेकिन रास्ते में ही उसकी मौत हो गई। अस्पताल पहुंचने पर चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस ने घर के पास से शराब का एक पाउच भी बरामद किया है। घटना के बाद पुलिस की गश्ती तेज हो गई है और पूरे दिन छापेमारी जारी रही। स्थानीय लोगों का कहना है कि लगातार कार्रवाई के बावजूद क्षेत्र में शराब तस्करी पर पूरी तरह रोक नहीं लग पा रही है, जिससे आक्रोश बढ़ता जा रहा है। गौरतलब है कि दो सप्ताह पूर्व जहरीली शराब कांड में तुरकौलिया और रघुनाथपुर थाना क्षेत्रों में 10 लोगों की मौत हो चुकी है। इस संबंध में एसपी स्वर्ण प्रभात ने बताया कि प्रारंभिक सूचना के अनुसार मृतक को दमा की बीमारी थी और रात में भूसा ढोने के कारण उसकी तबीयत बिगड़ी हो सकती है। हालांकि, परिजनों के बयान के आधार पर मामले की जांच की जा रही है।

### तीन थाना क्षेत्रों से तीन किशोरियों का अपहरण, मामले दर्ज

**बीएनएम @ बेतिया**। जिले के अलग-अलग थाना क्षेत्रों से तीन किशोरियों के अपहरण के मामले सामने आने से हड़कंप मच गया है। सभी मामलों में संबंधित थानों में प्राथमिकी दर्ज कर पुलिस जांच में जुट गई है। पहली घटना साठी थाना क्षेत्र की है, जहां एक गांव से 14 वर्षीय किशोरी का अपहरण कर लिया गया। इस मामले में पीड़िता के पिता ने काला बरवा निवासी लड्डू उर्फ आसिफ आलम के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कराई है। आरोप है कि वह किशोरी को बहला-फुसलाकर अपने साथ ले गया। दूसरी घटना नौतन थाना क्षेत्र की है, जहां एक अन्य 14 वर्षीय किशोरी के अपहरण का मामला सामने आया है। पीड़िता की मां ने छोटी कुमारी और लालमुनि देवी पर अपहरण की साजिश रचने का आरोप लगाते हुए मामला दर्ज कराया है। वहीं, तीसरी घटना सिरिसिया थाना क्षेत्र से जुड़ी है, जहां 16 वर्षीय किशोरी के अपहरण का मामला प्रकाश में आया है। इस मामले में पीड़िता की मां ने कमलेश कुमार, पलक साह, शारदा देवी, प्रमोद शाह, प्रभावती देवी और गोदावरी देवी को नामजद अभियुक्त बनाया है। तीनों मामलों में पुलिस ने प्राथमिकी दर्ज कर ली है और किशोरियों की बरामदगी के लिए छापेमारी तेज कर दी गई है। अधिकारियों का कहना है कि जल्द ही सभी मामलों का खुलासा कर लिया जाएगा।

### फंदे से लटक कर युवक ने दी जान



**बीएनएम @ बेतिया**। स्थानीय कालीबाग थाना क्षेत्र अंतर्गत झिलीया मोहल्ला में एक युवक की संदिग्ध स्थिति में फांसी लगाकर मौत होने से सनसनी फैल गई।मृतक की पहचान लौरिया प्रखंड के कटिया वार्ड संख्या चार निवासी 37 वर्षीय,मारकंडे मिश्र के रूप में हुई है। पुलिस को सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची,शव का पोस्टमार्टम गवर्नमेंट मेडिकल कॉलेज सह अस्पताल बेतिया में कराकर पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौंप दिया गया। पुलिस के अनुसार प्रथम दृष्टि मामला आत्महत्या का प्रतीत हो रहा है,हालांकि मौत के कारण का अब तक स्पष्ट खुलासा नहीं हो सका,मामले की जांच की जा रही है। संवाददाता को मोहल्ले वासियों ने बताया कि मारकंडे मिश्र अपनी पत्नी और बच्चों के साथ बेतिया में किराए के मकान में रहते थे, वह एक सामाजिक कार्यकर्ता के रूप में प्रखंड स्तर पर लोगों की का कागज बनवाने में सहयोग कर अपने परिवार का भरण पोषण करते थे, इधर जैसे ही युवक की मौत की खबर कटिया गांव पहुंची पूरे गांव में मातमी सन्नाटा पसर गया। पोस्टमार्टम के बाद शव गांव लाया गया जहां लोगों की भारी भीड़ जमा हो गई। ग्रामीणों ने संवाददाता को बताया कि मारकंडे मिश्र मिलनसार स्वभाव के व्यक्ति थे,उनको किसी से भी कोई विवाद नहीं था घटना के बाद परिजनों का रो रो का बुरा हाल है,वहीं गांव में यह चर्चा जोरों पर है कि आखिर ऐसा क्या वजह हो गई कि मारकंडे को यह कदम उठाना पड़ा।जो चर्चा का विषय बना है।

# भारत-नेपाल सीमा सुरक्षा पर हाई-लेवल समीक्षा, 117 अतिक्रमण हटे; तस्करी व घुसपैठ पर कड़ा एक्शन

बीएनएम @ मोतिहारी/रक्सौल




**मोतिहारी/रक्सौल**। भारत-नेपाल सीमा से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर उच्च स्तरीय समीक्षा बैठक जिला के रक्सौल में शनिवार को मुख्य सचिव प्रत्यय अमृत एवं पुलिस महानिदेशक विनय कुमार की संयुक्त अध्यक्षता में आयोजित की गई। इस बैठक में जिलाधिकारी सौरभ जोरवाल, पुलिस अधीक्षक स्वर्ण प्रभात सहित एसएसबी के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे। पूर्वी चम्पारण की 114.54 किलोमीटर लंबी भारत-नेपाल अंतर्राष्ट्रीय सीमा पर कुल 1237 सीमा स्तंभ स्थापित हैं, जिनमें से 931 सुरक्षित एवं स्पष्ट स्थिति में पाए गए हैं, जबकि 73 स्तंभ क्षतिग्रस्त हैं। इनके लिए संयुक्त निरीक्षण एवं नियमित मॉनिटरिंग की व्यवस्था की गई है। 24 मार्च 2026 को एसएसबी मुख्यालय रक्सौल में फील्ड सर्वे टीम (एफएसटी) की बैठक भी आयोजित की जा चुकी है। सीमा स्तंभों के दोनों ओर चिन्हित 121 अतिक्रमणों में से 117 को हटाया जा चुका है, जबकि शेष 4 मामलों में कार्रवाई जारी है। सीमा से 15 किलोमीटर के दायरे में रक्सौल एवं सिकरहाना क्षेत्र में 34 अतिक्रमण चिन्हित किए गए हैं। नो-मैन्स लैंड में 4 अनधिकृत धार्मिक संरचनाएं भी पाई गई हैं।वर्ष 2022 से 2026 के बीच सीमावर्ती क्षेत्रों में शराब तस्करी के 22,500 मामले दर्ज हुए हैं। हथियार तस्करी के 779 मामलों में 1179 गिरफ्तारियां, मादक पदार्थ के 448 मामलों में 663 गिरफ्तारियां तथा जाली नोट के 10 मामलों में 54.64 लाख रुपये की जब्ती की गई है। अवैध विदेशी घुसपैठ के 41 मामलों में विशेष रूप से वर्ष 2025 में 25 विदेशी नागरिक पकड़े गए, जिनमें बांग्लादेश, श्रीलंका और अबू धाबी के नागरिक शामिल हैं। संबंधित देशों के दूतावासों को सूचित किया जा चुका है। वहीं रक्सौल अनुमंडल में 1918 अभियुक्तों से गांजा, चरस, स्मैक, अफीम, नशीली गोलियां एवं सुइयां बरामद की गई हैं। मानव तस्करी के खिलाफ कार्रवाई में 574 व्यक्तियों (497 वयस्क एवं 77 नाबालिग) का रेस्क्यू किया गया है। रोजगार के नाम पर मानव व्यापार में संलिप्त कई संदिग्ध कंपनियों की पहचान भी की गई है। बीएनएसएस की धारा-107 के तहत 53 अवैध कारोबारियों के विरुद्ध 53.05 करोड़ रुपये तथा भू-माफिया के विरुद्ध 12.03 करोड़ रुपये की संपत्ति जब्ती का प्रस्ताव तैयार किया गया है। बैठक में रक्सौल एयरपोर्ट के लिए प्रस्तावित भूमि अर्जन की स्थिति की समीक्षा की गई और प्रक्रिया को शीघ्र पूरा करने के निर्देश दिए गए। सीमावर्ती 12 गांवों में वाइब्रेंट विलेज प्रोग्राम के तहत ग्राम प्रोफाइलिंग एवं सामाजिक-आर्थिक सर्वेक्षण पूर्ण हो चुका है। 125 योजनाओं में से 90 का प्राक्कलन एवं डीपीआर तैयार है तथा 74 योजनाएं पोर्टल पर अपलोड की जा चुकी हैं। जीविका समूहों के माध्यम से डेयरी, बकरी पालन, मत्स्य पालन एवं पोल्ट्री फार्म को बढ़ावा दिया जा रहा है, जबकि उद्योग विभाग द्वारा 90 लाभुकों को स्वरोजगार हेतु सहायता दी जा रही है। वाणिज्य कर संग्रहण में भी उल्लेखनीय वृद्धि दर्ज की गई है। मोतिहारी अंचल में जीएसटी संग्रहण 307.75 करोड़ रुपये से बढ़कर 370.09 करोड़ रुपये हो गया है, जो 20.26 प्रतिशत की वृद्धि है। वहीं रक्सौल अंचल में 95 करोड़ रुपये से बढ़कर 109.21 करोड़ रूपये की वसूली हुई है, जो 14.96 प्रतिशत की वृद्धि को दर्शाता है। बैठक में जिला प्रशासन, पुलिस, एसएसबी एवं अन्य सुरक्षा एजेंसियों के बीच बेहतर समन्वय, संयुक्त गश्त, रात्रि कैंप की निरंतरता तथा सीमावर्ती गांवों में विकास योजनाओं को समयबद्ध ढंग से पूरा करने के निर्देश दिए गए।

## सत्याग्रह स्मृति भवन आमजन के लिए उद्घाटित, विद्यार्थियों को मिलेगा ऐतिहासिक धरोहर का लाभ

बीएनएम @ मोतिहारी



**मोतिहारी**। जिला प्रशासन द्वारा शनिवार को सत्याग्रह स्मृति भवन का विधिवत निरीक्षण किया गया। चंपारण की ऐतिहासिक विरासत को संजोए यह भवन एक महत्वपूर्ण धरोहर केंद्र के रूप में स्थापित है, जहाँ दुर्लभ पांडुलिपियों, प्राचीन अभिलेखों तथा महात्मा गांधी से संबंधित ऐतिहासिक छायाचित्रों और महत्वपूर्ण दस्तावेज़ों का समृद्ध संग्रह सुरक्षित रखा गया है। यह संग्रह चंपारण सत्याग्रह की गौरवगाथा को सजीव रूप में प्रस्तुत करता है। यह स्मृति भवन आमजन के लिए खोल दिया गया है। विशेष रूप से विद्यार्थियों को यहाँ संरक्षित ऐतिहासिक सामग्रियों के अध्ययन का अवसर प्राप्त होगा, जिससे वे स्वतंत्रता संग्राम में चंपारण की निर्णायक भूमिका को निकट से समझ सकेंगे। यह भवन विद्यार्थियों एवं शोधार्थियों के लिए एक सशक्त शैक्षणिक संसाधन के रूप में विकसित किया गया है। कला एवं संस्कृति विभाग द्वारा यहाँ संरक्षित सभी अभिलेखों एवं सामग्रियों का 'ज्ञान भारतम पोर्टल' पर डिजिटलीकरण किया जाएगा। इस पहल के माध्यम से देश-विदेश के किसी भी स्थान से लोग इस अमूल्य धरोहर तक सरलतापूर्वक पहुँच सकेंगे। यह प्रयास चंपारण की ऐतिहासिक विरासत को डिजिटल माध्यम से संरक्षित एवं व्यापक रूप से सुलभ बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

## स्वच्छता अभियान में ढिलाई बर्दाश्त नहीं: डीडीसी

बीएनएम @ मोतिहारी



**मोतिहारी**। उप विकास आयुक्त डॉ. प्रदीप कुमार ने लोहिया स्वच्छ बिहार अभियान के तहत नव पदस्थापित प्रखण्ड समन्वयकों के साथ प्रशिक्षण-सह-परिचयात्मक बैठक कर स्वच्छता कार्यों में तेजी लाने के सख्त निर्देश दिए। उक्त बैठक में निदेशक, लेखा प्रशासन एवं स्वनियोजन, जिला समन्वयक, जिला सलाहकार तथा सभी प्रखण्ड समन्वयक उपस्थित रहे। बैठक की शुरुआत में सभी प्रखण्ड समन्वयकों से परिचय प्राप्त किया गया। इसके बाद उन्हें निर्देशित किया गया कि वे तत्काल अपने-अपने प्रखण्डों में योगदान देना सुनिश्चित करें। डीडीसी ने स्वच्छता के निर्धारित मापदण्डों की गहन समीक्षा कर जमीनी स्तर पर अपेक्षित प्रगति लाने पर जोर दिया। उन्होंने स्पष्ट किया कि व्यक्तिगत शौचालय निर्माण के बाद लाभुकों का भौतिक सत्यापन अनिवार्य रूप से किया जाए और सत्यापन पूर्ण होने के उपरांत ही प्रोत्साहन राशि का भुगतान किया जाए। दैनिक कचरा उठाव को लेकर भी सख्त निर्देश देते हुए कहा गया कि डोर-टू-डोर कलेक्शन व्यवस्था को शत-प्रतिशत लागू किया जाए, ताकि स्वच्छता के प्रति जागरूकता और व्यवस्था मजबूत हो सके। स्वच्छता अभियान को गति देने के लिए सभी वार्डों में उपलब्ध ई-रिक्शा और पैडल रिक्शा की मरम्मत कार्य को प्राथमिकता देने का निर्देश दिया गया। इसके लिए प्रखण्ड पंचायत राज पदाधिकारी एवं पंचायत सचिवों को 15वीं वित्त आयोग की राशि से तत्काल मरम्मत सुनिश्चित करने को कहा गया, जिससे कचरा उठाव का कार्य निर्बाध रूप से जारी रह सके। इसके अलावा स्वच्छता पर्यवेक्षकों और कर्मियों के कार्यों का नियमित मूल्यांकन करने तथा उनके वेतन का समय पर भुगतान सुनिश्चित करने का भी निर्देश दिया गया। डॉ. प्रदीप कुमार ने कहा कि स्वच्छता अभियान सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में शामिल है और इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी। उन्होंने सभी प्रखण्ड समन्वयकों को अपने-अपने क्षेत्रों में सक्रिय भूमिका निभाते हुए जिले को स्वच्छ बनाने का लक्ष्य हर हाल में हासिल करने का आह्वान किया।

## बीरगंज में तीन स्थानों पर रक्तदान शिविर, 132 लोगों ने किया अमूल्य रक्तदान

बीएनएम @ रक्सौल/बीरगंज



**रक्सौल/बीरगंज**। बीरगंज के विभिन्न तीन स्थानों पर आयोजित रक्तदान कार्यक्रमों में कुल 132 लोगों ने रक्तदान कर मानवता की मिसाल पेश की। रक्त की कमी को दूर करने के उद्देश्य से आयोजित इन शिविरों में जनप्रतिनिधियों, सामाजिक कार्यकर्ताओं और आम नागरिकों की सक्रिय भागीदारी देखने को मिली। दुर्गा पूजा समिति रानीघाट द्वारा आयोजित 26वें खुले रक्तदान शिविर की अध्यक्षता समिति के अध्यक्ष सतीश सिंह राजपूत ने की। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में सुरेन्द्र प्रसाद यादव उपस्थित रहे। विशिष्ट अतिथियों में वार्ड संख्या 8 के अध्यक्ष जवाहर प्रसाद गुप्ता, नेपाल रेडक्रॉस सोसाइटी बीरगंज शाखा के अध्यक्ष बृजकिशोर प्रसाद पटेल, सौरभ राज पांडे और दिनानाथ रौनियार शामिल रहे। इस शिविर में 58 पुरुष और 4 महिलाएं सहित कुल 62 लोगों ने रक्तदान किया। दूसरा कार्यक्रम युवा जागरूक समाज, नेपाल के तत्वावधान में नारायणी अस्पताल परिसर में आयोजित हुआ। इसमें बीरगंज महानगरपालिका के मेयर राजेशमान सिंह मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद रहे। कार्यक्रम में डॉ. सुनील जायसवाल, मुकेश कुमार कुर्मी, विवेक कुमार चौबे सहित अन्य लोगों की उपस्थिति रही। यहां 25 पुरुष और 7 महिलाओं समेत कुल 32 लोगों ने रक्तदान किया। तीसरा रक्तदान शिविर सशस्त्र प्रहरी बल, नंबर 13 गण बीरगंज में आयोजित हुआ, जिसमें 38 लोगों ने रक्तदान किया। तीनों कार्यक्रमों से संकलित रक्त आपातकालीन परिस्थितियों में मरीजों की जान बचाने में सहायक होगा। आयोजकों ने भविष्य में भी ऐसे सामाजिक कार्यों को निरंतर जारी रखने का संकल्प व्यक्त किया।

## एसएसबी द्वारा सीमावर्ती ग्रामीणों के पशुओं के उपचार हेतु पशु चिकित्सा शिविर का आयोजन



बीएनएम @ मोतिहारी

**मोतिहारी**। 71वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल (एसएसबी) मोतिहारी द्वारा समवाय मुख्यालय जमुनिया के कार्यक्षेत्र अंतर्गत वाइब्रेंट विलेज कार्यक्रम (VVP-II) के तहत झरोखर गांव में पशु चिकित्सा शिविर का आयोजन शनिवार को किया गया। यह कार्यक्रम कमांडेंट प्रफुल्ल कुमार के निर्देशन में संपन्न हुआ। शिविर का संचालन डॉ. विचार नेमा, कमांडेंट (पशु चिकित्सा), सीमांत मुख्यालय एसएसबी पटना द्वारा किया गया। इस दौरान सीमावर्ती ग्रामीणों के पशुओं का बड़े पैमाने पर निःशुल्क उपचार किया गया तथा आवश्यक दवाइयों का वितरण भी किया गया। कार्यक्रम के दौरान ग्रामीणों को बेहतर दुग्ध उत्पादन के लिए हाइब्रिड नेपियर घास की खेती को अपनाने की सलाह दी गई। साथ ही, डॉ. नेमा द्वारा पशुओं के उचित रख-रखाव, किसान क्रेडिट कार्ड योजना तथा मवेशी बीमा जैसी सरकारी सुविधाओं का लाभ उठाने के संबंध में महत्वपूर्ण जानकारी एवं दिशा-निर्देश प्रदान किए गए। इस पहल से सीमावर्ती क्षेत्रों में पशुपालन को बढ़ावा मिलने के साथ ही ग्रामीणों की आजीविका सुदृढ़ होने की अपेक्षा है।

## 10.6किलोग्राम गांजा, तस्कर सहित स्कूटी पकड़ा गया

बीएनएम @ बेतिया



**बेतिया**। भंगहा थाना की पुलिस ने स्कूटी में छिपाकर रखी गई 10.630 किलोग्राम गांजा समेत1तस्कर को गिरफ्तार किया है।गंजा जब्ती की कार्रवाई रात्रि के समय कि बताई गई है।थाना अध्यक्ष,रौशन कुमार ने संवाददाता को बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर देर रात्रि में इस पर कार्रवाई करके सफलता पाई गई है। हाईवे सड़क पर एक युवक स्कूटी से आता दिखाई दिया हालांकि पुलिस टीम को देखते ही वह स्कूटी छोड़कर भागने लगा,किंतु पुलिस बल ने उसे खदेड़ कर पकड़ लिया स्कूटी की तलाशी के दौरान वाटरप्रूफ पैकेट से गांजा बरामद किया गया। गिरफ्तार तस्कर गोपालपुर थाना के डुमरा गांव निवासी,अनिल कुमार यादव बताया गया है। जप्त गांजा का अंतरराष्ट्रीय कीमत 4.25 लाख बताई गई है।थाना अध्यक्ष ने संवाददाता को बताया कि जांच पड़ताल कर तस्कर को जेल भेज दिया गया।

## बेलहिया राम जानकी मठ में 11 दिवसीय रुद्र महायज्ञ की कलश यात्रा निकली

बीएनएम @ आदापुर



**आदापुर**। प्रखंड के गम्हरिया कला पंचायत अंतर्गत बेलहिया गांव स्थित राम जानकी मठ परिसर में आयोजित 11 दिवसीय श्री रुद्र महायज्ञ के शुभारंभ पर शनिवार को भव्य कलश यात्रा निकाली गई। वैदिक मंत्रोच्चारण और बाजे-गाजे के साथ निकली इस शोभायात्रा में 2551 कुंवारी कन्याओं ने भाग लेकर श्रद्धा और आस्था का अद्भुत दृश्य प्रस्तुत किया। कलश यात्रा यज्ञ स्थल से प्रारंभ होकर बेलहिया गांव होते हुए गम्हरिया कला और बहादुरपुर गांव से गुजरती हुई उत्तरवाहिनी दुधौरा नदी तट तक पहुंची। वहां वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच कलशों में पवित्र जल भरकर श्रद्धालु पुनः यज्ञ स्थल लौटे। इस दौरान "हर-हर महादेव", "जय शिव" और "जय श्रीराम" के गगनभेदी नारों से पूरा क्षेत्र गुंजायमान रहा। यज्ञाचार्य जितेंद्र कुमार दूबे के नेतृत्व में आयोजित इस महायज्ञ का आयोजन 19 अप्रैल से 29 अप्रैल तक किया जाएगा। आयोजकों के अनुसार इस दौरान यूपी, बिहार और नेपाल के कई प्रसिद्ध कथा वाचक संत भाग लेंगे। श्रद्धालुओं के लिए धार्मिक कार्यक्रमों के साथ-साथ मनोरंजन की भी व्यापक व्यवस्था की गई है। कार्यक्रम में मठ के महंथ कमल दास, संयोजक चटिया बाबा और लालबाबू यादव सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे। कलश यात्रा में महिलाओं, पुरुषों और कुंवारी कन्याओं की भारी भीड़ उमड़ी, जिससे पूरा क्षेत्र भक्तिमय माहौल में सराबोर हो गया।

## संक्षिप्त समाचार

### अनुशासन और मेहनत से कुमार कार्तिकेय ने रचा इतिहास



**बीएनएम @ बगहा** : बगहा के बड़गांव स्टेट के प्रबुद्ध समाजसेवी सह पूर्व मुखिया अमर सिंह उर्फ अमरेश्वर सिंह के पुत्र कुमार कार्तिकेय ने सीबीएसई 10वीं की परीक्षा में 95.8 प्रतिशत अंक प्राप्त कर न केवल अपने परिवार, बल्कि पूरे जिले का नाम रोशन किया है। कार्तिकेय की इस शानदार सफलता से बगहा नगर परिषद और बड़गांव क्षेत्र में गर्व और उत्साह का माहौल है। उनकी इस उपलब्धि को स्थानीय जनप्रतिनिधियों और ग्रामीणों ने क्षेत्र के लिए एक गौरवपूर्ण क्षण बताया है।प्रियदर्शिनी क्लासेज के डायरेक्टर अमितेश सिंह ने कार्तिकेय की सराहना करते हुए उन्हें शुरू से ही एक मेधावी और अनुशासित छात्र बताया। उन्होंने कहा कि संस्थान के नियमित मार्गदर्शन और बेहतर शैक्षणिक वातावरण के साथ-साथ छात्र की अपनी लगन ने इस सफलता को मुमकिन बनाया है। कार्तिकेय के पिता और बड़े पापा दीपू सिंह ने इस खुशी के अवसर पर कहा कि दृढ़ संकल्प और निरंतर अभ्यास से कोई भी लक्ष्य प्राप्त किया जा सकता है।"कुमार कार्तिकेय की मेहनत और अनुशासन ने यह साबित कर दिया है कि यदि स्पष्ट लक्ष्य के साथ पढ़ाई की जाए, तो सफलता अवश्य कदम चूमती है।"समाज के गणमान्य लोगों ने उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए उन्हें क्षेत्र के अन्य युवाओं के लिए एक बड़ा प्रेरणास्त्रोत बताया है। कार्तिकेय की इस मेधा ने यह संदेश दिया है कि आत्मविश्वास और परिश्रम ही स्वर्णिम भविष्य की कुंजी है।

### ऑर्केस्ट्रा से दो नाबालिगों को कराया मुक्त



**बीएनएम @ बगहा**: बगहा पुलिस ने "ऑपरेशन नया सबेरा" के तहत शनिवार सुबह इंग्लिशिया चौक स्थित एक ऑर्केस्ट्रा पर छापेमारी कर दो नाबालिग लड़कियों को सुरक्षित बरामद किया। पुलिस अधीक्षक निर्मला कुमारी ने बताया कि चौतरवा थानाध्यक्ष को मिली गुप्त सूचना के आधार पर यह त्वरित कार्रवाई की गई। मौके से ऑर्केस्ट्रा संचालक पवन कुमार को गिरफ्तार किया गया है।बरामद दोनों लड़कियां उत्तर प्रदेश की रहने वाली हैं। एसपी ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में स्पष्ट किया कि मानव तस्करी रोकने और नाबालिगों की सुरक्षा के लिए एंटी ह्यूमन ट्रैफिकिंग यूनिट पूरी तरह सक्रिय है। पुलिस अब इस तस्करी नेटवर्क से जुड़े अन्य लोगों की पहचान कर रही है। दोषियों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई का भरोसा दिया गया है।

### पुलिस और अग्निशमन विभाग ने ग्रामीणों को किया जागरूक



**बीएनएम @ बेतिया**: बैरिया थाना क्षेत्र के लौकरिया मुशहर टोली में शनिवार दोपहर करीब तीन बजे अग्निशमन विभाग और पुलिस ने संयुक्त रूप से अग्नि सुरक्षा जागरूकता अभियान चलाया। अधिकारियों ने ग्रामीणों को आगाह किया कि गर्मी के मौसम में पछुआ हवाओं के कारण आग लगने का खतरा काफी बढ़ जाता है। चूँकि ग्रामीण क्षेत्रों में अधिकतर घर फूस के होते हैं, इसलिए सुरक्षा के कड़े इंतजाम जरूरी हैं।तेज हवा से बचने के लिए खाना केवल सुबह और रात के ठंडे समय में ही बनाएं।आग पर तुरंत काबू पाने के लिए घरों में पानी और बालू की पर्याप्त व्यवस्था रखें।किसी भी आपात स्थिति में बिना देरी किए अग्निशमन विभाग को सूचित करें।अग्निशमन विभाग के डीएसपी ने जोर देकर कहा कि सावधानी ही बचाव है। इस पहल का उद्देश्य ग्रामीणों को जागरूक कर जान-माल के नुकसान को रोकना है।

### शादी के कार्ड पर मिलेगा एलपीजी सिलेंडरः अपर समाहर्ता

**बीएनएम @ बेतिया**। शादी समारोहों के दौरान एलपीजी सिलेंडरों की किल्लत को दूर करने के लिए जिला प्रशासन ने नई गाइडलाइन जारी की है। अपर समाहर्ता-सह-जिला आपूर्ति पदाधिकारी अनिल कुमार सिन्हा ने बताया कि उत्सवों के समय जरूरतमंद परिवारों को समय पर गैस उपलब्ध कराना प्रशासन की प्राथमिकता है। अब शादी वाले घरों को गैस सिलेंडर के लिए संबंधित अनुमंडल पदाधिकारी को आवेदन देना होगा, जिसके साथ शादी का कार्ड और मेहमानों की संभावित संख्या के आधार पर गैस की डिमांड बताना अनिवार्य होगा। इसके अलावा, प्रशासन ने रसोइयों और कैटरर्स के लिए भी नियम सख्त कर दिए हैं; अब उन्हें कमर्शियल गैस के उपयोग हेतु अनिवार्य निबंधन कराना होगा, जिसकी प्रक्रिया तेल कंपनियों को 5 से 7 दिनों में पूरी करनी होगी।गैस वितरण में पारदर्शिता सुनिश्चित करने के लिए प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारियों को वितरक एजेंसियों के गोदामों में जाकर स्टॉक का भौतिक सत्यापन करने का निर्देश दिया गया है। ऑनलाइन रिकॉर्ड और वास्तविक स्टॉक में अंतर मिलने पर एजेंसियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई होगी। वर्तमान में जिले में घरेलू और वाणिज्यिक सिलेंडरों का पर्याप्त स्टॉक मौजूद है और शिकायतों के निवारण हेतु जिला प्रशासन ने कंट्रोल रूम नंबर 06254-247002 एवं 06254-247003 जारी किए हैं। प्रशासन ने स्पष्ट चेतावनी दी है कि आवंटित गैस का दुरुपयोग करने वालों के विरुद्ध कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

### देशी शराब के साथ दो तस्कर गिरफ्तार

**बीएनएम @फतुहा**। फतुहा के नदी थाना पुलिस ने डीएसपी 2 संजीव कुमार के नेतृत्व में विशेष अभियान चलाकर शराब तस्करी और वाहन चोरी के खिलाफ बड़ी सफलता हासिल की है। थानाध्यक्ष सद्दाम हुसैन की टीम ने सबलपुर सिक्स लेन के नीचे से एक सीएनजी टेंपो से 340 लीटर और पुरानी एनएच-30 के पास एक स्प्लेंडर मोटरसाइकिल से 360 लीटर देशी महुआ शराब बरामद की।इस कार्रवाई में दो तस्करों, धर्मेंद्र कुमार (वैशाली) और शंभू कुमार (पटना) को गिरफ्तार किया गया है। इसके अतिरिक्त, वाहन चेकिंग के दौरान सिक्स लेन पुल के नीचे से एक चोरी की सीएनजी गाड़ी भी बरामद की गई। इस सफल छापेमारी टीम में विवेक कुमार, देव कर्ण बंटी और शंभू पासवान सहित अन्य पुलिसकर्मी शामिल थे। पुलिस अब आगे की कानूनी कार्रवाई और नेटवर्क की जांच में जुटी है।

# संकल्प 95 मार्गदर्शन कार्यक्रम में 2000 से अधिक छात्रों को मिला विशेषज्ञों का मार्गदर्शन

बीएनएम @ बेतिया



**बेतिया**। शहर के बड़ा रमना में स्थित प्रेक्षागृह में देश की अग्रणी सामाजिक युवा संगठन संकल्प 95 द्वारा एक दिवसीय व्यापक करियर मार्गदर्शन कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें विभिन्न स्कूलों और कॉलेजों के लगभग 2000 छात्रों और अभिभावकों को परामर्श प्रदान किया गया। कार्यक्रम का औपचारिक उद्घाटन मुख्य अतिथि-सह-वक्ता युद्धस्थ कुमार सिंह आई. आर. एस. सौरव कुमार,अध्यक्ष सचिव,एवं गणमान्य लोगों द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया गया। बेतिया, संकल्प मोतिहारी के संयोजक शुधांशु कुमार सिंह (आईएएस) एवं उपस्थित सभी अतिथि एवं सदस्य। इस अवसर पर, संगठन द्वारा सभी उपस्थित अतिथियों को फूलों के गुलदस्ते और बैज देकर सम्मानित किया गया। इसके साथ ही,अतिथियों और आयोजकों ने स्वागत भाषण देकर अतिथियों का स्वागत किया। सबसे पहले, संकल्प नाइटी फाइव का 10 मिनट का एक वीडियो क्लिप स्क्रीन पर दिखाया गया, जिसे संगठन के वरिष्ठ सदस्य, फिल्म निर्माता और कलाकार केशव कुमार ने तैयार किया था। पहले सत्र में, युद्धस्थ कुमार सिंह ने सभी बच्चों को सिविल सेवाओं के बारे में विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने कहा कि स्कूलों में इस तरह के परामर्श कार्यक्रम लगातार आयोजित किए जाने चाहिए ताकि बच्चे समय रहते अपने करियर के प्रति जागरूक हो सकें और अपने लक्ष्य निर्धारित करने के लिए उचित मार्गदर्शन प्राप्त कर सकें। इस अवसर सौरव कुमार इंटेलिजेंस ब्यूरो ऑफीसर द्वारा इस कैरियर गाइडेंस कार्यक्रम के संबंध में उचित मार्गदर्शन प्रदान किया। इसी दौरान, ग्राफिक एरा यूनिवर्सिटी के डॉ. संजीव कुमार ने बच्चों को इंजीनियरिंग के बारे में बताया और डॉ. कुमार राजकुमार सिंह ने वक्ता के रूप में व्यवसाय प्रबंधन के बारे में मार्गदर्शन दिया। प्रेरक वक्ता अभिनव सिंह ने बच्चों को देश में सफलता प्राप्त करने के तरीके के बारे में मार्गदर्शन दिया। संगठन के संयोजक डॉ मदन बनिक ने कहा कि इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य छात्रों को समय पर उचित परामर्श प्रदान करना और उन्हें जीवन में विभिन्न कैरियर अवसरों के बारे में बताना है ताकि युवा भटक न जाएं और समय बर्बाद न करें। इसके अलावा, छात्रों द्वारा मनोरंजन के लिए सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किए गए। इस अवसर पर संगठन द्वारा सभी सदस्यों, बच्चों और अभिभावकों के लिए जलपान की व्यवस्था की गई थी। कार्यक्रम के दौरान मंच संचालन का काम आशीष कुमार एवं संकल्प 95 के सदस्य विशाल कमल ने की। कार्यक्रम के दौरान मंच का संचालन विशाल कमल और आशीष ने कि। संकल्प पंचानवे के सदस्य मदन बनिक द्वारा धन्यवाद ज्ञापन के बाद राष्ट्रगान के साथ इस भव्य सभा का समापन हुआ।इस मौके पर संस्था के सभी सदस्यों उपस्थित रहे।

## पेट्रोल डालकर युवक को जिंदा जलाने की कोशिश, इलाके में सनसनी

बीएनएम @ पचपकड़ी



**पचपकड़ी**। थाना क्षेत्र के खरिहनिया गांव स्थित ईदगाह के समीप शुक्रवार देर रात एक सनसनीखेज वारदात सामने आई, जहां अज्ञात अपराधियों ने एक युवक पर पेट्रोल छिड़ककर उसे आग के हवाले कर दिया। घटना के बाद पूरे इलाके में दहशत का माहौल कायम हो गया है। मिली जानकारी के अनुसार, घायल युवक मुरली गांव का निवासी बताया जा रहा है। ग्रामीणों के मुताबिक रात करीब 10 बजे एक युवक जलती हुई अवस्था में ईदगाह की ओर से गांव की तरफ भागता हुआ पहुंचा, जिसे देखकर अफरा-तफरी मच गई। ग्रामीणों ने तत्परता दिखाते हुए आग बुझाई और उससे घटना की जानकारी ली। घायल युवक ने बताया कि दो अज्ञात युवक मोटरसाइकिल पर सवार होकर आए और उस पर पेट्रोल डालकर आग लगा दी, जिसके बाद वे मौके से फरार हो गए। युवक ने दर्द से कराहते हुए तत्काल अस्पताल पहुंचाने की गुहार लगाई। घटना की सूचना मिलते ही परिजन मौके पर पहुंचे और गंभीर रूप से झुलसे युवक को आनन-फानन में इलाज के लिए मोतिहारी के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया, जहां उसका इलाज जारी है। चिकित्सकों के अनुसार उसकी हालत चिंताजनक बनी हुई है। इस संबंध में थाना अध्यक्ष उत्तम कुमार ने बताया कि पुलिस को घटना की सूचना मिल गई है, लेकिन अभी तक पीड़ित पक्ष की ओर से कोई लिखित आवेदन प्राप्त नहीं हुआ है। आवेदन मिलते ही प्राथमिकी दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जाएगी। घटना के बाद क्षेत्र में आक्रोश और भय का माहौल है। ग्रामीणों ने प्रशासन से जल्द आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग की है, ताकि इलाके में सुरक्षा व्यवस्था बहाल हो सके।

## दहेज हत्या मामले में फरार वारंटी महिला गिरफ्तार, न्यायालय में पेश

बीएनएम @तुरकौलिया



**तुरकौलिया**। बीजधरी थाना क्षेत्र में दहेज हत्या के एक मामले में फरार चल रही वारंटी महिला को पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार अभियुक्ता की पहचान रामा देवी, पति दीपक साह, निवासी बीजुलपुर (थाना तुरकौलिया, जिला पूर्वी चंपारण) के रूप में हुई है। पुलिस के अनुसार, बीजधरी थाना कांड संख्या 91/25 में दर्ज दहेज हत्या के मामले में रामा देवी के विरुद्ध न्यायालय द्वारा इस्तिहार वारंट जारी किया गया था। लंबे समय से फरार चल रही अभियुक्ता को विशेष अभियान के तहत गिरफ्तार किया गया। थानाध्यक्ष सीमा कुमारी ने बताया कि "गुप्त सूचना के आधार पर टीम गठित कर कार्रवाई की गई, जिसके तहत अभियुक्त को तुरकौलिया थाना क्षेत्र के बिजुलपुर से गिरफ्तार किया गया। मामले में आगे की कानूनी प्रक्रिया पूरी करते हुए उसे न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।"

## विपक्ष ने अपनी विरासत बचाने के लिए छीना बेटियों का हक : मीना झा

बीएनएम @ पटना



**पटना**। लोकसभा में महिला आरक्षण विधेयक पारित न हो पाने पर राजनीतिक सरगर्मी तेज हो गई है। इस मुद्दे पर बिहार भाजपा महिला मोर्चा की महामंत्री मीना झा ने विपक्ष पर तीखा प्रहार करते हुए इसे दुर्भाग्यपूर्ण और शर्मनाक बताया है। उन्होंने सीधा आरोप लगाया कि कांग्रेस और इंडी गठबंधन के नकारात्मक रवैये के कारण यह महत्वपूर्ण विधेयक अटक गया। मीना झा के अनुसार, विपक्ष राजनीति को सेवा के बजाय केवल अपनी पारिवारिक विरासत बचाने का साधन बना रहा है, जिससे देश की आधी आबादी के अधिकारों का हनन हो रहा है।उन्होंने जोर देकर कहा कि यह विधेयक आम घरों की बेटियों को पंचायत से संसद तक 33 प्रतिशत भागीदारी और नेतृत्व का अवसर देने वाला था, लेकिन परिवारवाद को बढ़ावा देने वाली ताकतों ने महिलाओं के सपनों को झटका दिया है। उन्होंने इसे नारी शक्ति का अपमान बताते हुए कहा कि कुछ चुनिंदा परिवारों का वर्चस्व बनाए रखने के लिए करोड़ों महिलाओं के सम्मान से समझौता किया गया है। अंत में उन्होंने संकल्प जताया कि भाजपा महिला मोर्चा इस मुद्दे को लेकर घर-घर जाएगी और जनता के बीच विपक्ष के असली चेहरे को उजागर करेगी।

## शिव परिवार रुद्र महायज्ञ को लेकर निकली भव्य शोभायात्रा

बीएनएम @बेतिया



**बेतियाः** पश्चिम चंपारण के बैरिया प्रखंड अंतर्गत तधवानंदपुर पंचायत के नवका टोला में शनिवार को भक्ति का सैलाब उमड़ पड़ा। राम जानकी मंदिर परिसर से 'शिव परिवार रुद्र महायज्ञ' के शुभारंभ पर आयोजित भव्य कलश यात्रा में 1008 कुंवारी कन्याओं ने हिस्सा लिया। "हर-हर महादेव" के जयघोष के साथ निकली इस यात्रा से पूरा वातावरण शिवमय हो गया। पूजा समिति के अध्यक्ष भरत साह ने बताया कि कन्याओं ने कोइरपट्टी डुमरिया घाट से वैदिक रीति-रिवाज के साथ जल भरा, जिसके बाद आचार्य संतोष तिवारी के मंत्रोच्चारण के बीच पूजा संपन्न हुई।मंदिर परिसर में माता पार्वती की नई प्रतिमा स्थापित की गई है।मुखिया हरिहर साह के अनुसार, इस आयोजन का लक्ष्य विश्व शांति और जनकल्याण है।श्रद्धालुओं के लिए रामलीला, संतों के प्रवचन, झूला और खेल-तमाशों की विशेष व्यवस्था की गई है।इस धार्मिक अनुष्ठान में दूर-दराज से आए साधु-संतों की उपस्थिति और हजारों श्रद्धालुओं की लंबी कतारों ने इस आयोजन को ऐतिहासिक बना दिया। यह महायज्ञ अगले कुछ दिनों तक क्षेत्र में आध्यात्मिक चेतना का केंद्र बना रहेगा।

## खोड़वा प्राथमिक विद्यालय में पुस्तक वितरण, बच्चों के चेहरे खिले



बीएनएम @रामगढ़वा

**रामगढ़वा**। स्थानीय प्रखंड के राजकीय प्राथमिक विद्यालय खोड़वा में शनिवार को छात्र-छात्राओं के बीच पाठ्य पुस्तकों का वितरण किया गया। नए शैक्षणिक सत्र की शुरुआत से पहले किताबें मिलने पर बच्चों में खासा उत्साह देखा गया और उनके चेहरे खुशी से खिल उठे। विद्यालय परिसर में आयोजित कार्यक्रम के दौरान प्रधानाध्यापिका मिन्हाज आसमीन ने कहा कि पुस्तकें ज्ञान की आधारशिला होती हैं और समय पर उपलब्धता से बच्चों की पढ़ाई में निरंतरता बनी रहती है। उन्होंने शिक्षा की गुणवत्ता सुधारने और बच्चों की पढ़ाई में रुचि बढ़ाने के लिए सभी के सहयोग पर जोर दिया। कार्यक्रम को सफल बनाने में शिक्षक विश्वनाथ राम, शिक्षिका अर्चना कुमारी, सादिया खातून और लुसी नाज की सक्रिय भागीदारी रही। सभी शिक्षकों की मौजूदगी में कक्षावार सुव्यवस्थित ढंग से पुस्तकों का वितरण किया गया।

## डिजिटल साक्षरता को बताया वर्तमान समय की आवश्यकता

बीएनएम @बोधगया



**बोधगया**। मगध विश्वविद्यालय के मन्नू लाल केंद्रीय पुस्तकालय में शनिवार को राष्ट्रीय शिक्षा नीति प्रकोष्ठ एवं आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ के संयुक्त तत्वावधान में एक विशेष व्याख्यान का आयोजन किया गया। विश्वविद्यालय अनुदान आयोग-सारथी गतिविधि कैलेंडर 2026 के अंतर्गत आयोजित इस कार्यक्रम का मुख्य विषय "डिजिटल साक्षरता एवं नवाचारः शैक्षणिक साख बैंक (एबीसी) के विशेष संदर्भ में" रहा। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रो. मुकेश कुमार और डॉ. प्रियंका सिंह सहित अन्य शिक्षाविदों द्वारा दीप प्रज्वलन के साथ किया गया।विशेषज्ञ वक्ताओं, डॉ. सुमित कुमार और डॉ. रवि कुमार सिंह ने विद्यार्थियों को डिजिटल साक्षरता की आवश्यकता और शैक्षणिक साख बैंक (एबीसी) प्रणाली की कार्यप्रविधि को सरल उदाहरणों के माध्यम से समझाया। उन्होंने बताया कि कैसे यह साख हस्तांतरण प्रणाली छात्रों को अपनी सुविधानुसार शिक्षा पूर्ण करने में सहायता प्रदान करती है। इस सत्र में नवीन प्रयोगों और आधुनिक संचार माध्यमों के प्रभावी उपयोग पर विशेष बल दिया गया।व्याख्यान के दौरान विद्यार्थियों की जिज्ञासाओं का समाधान किया गया और मार्च माह की गतिविधियों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं को पदक एवं प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। डॉ. ममता मेहरा ने कार्यक्रम का संचालन किया, जबकि धन्यवाद ज्ञापन डॉ. प्रियंका सिंह द्वारा दिया गया। इस आयोजन में सारथी दल के सदस्यों ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई, जिससे यह शैक्षणिक संगोष्ठी सफलतापूर्वक संपन्न हुई।

## पटना के दो फ्लैट और सरकारी दफ्तर में विजिलेंस की रेड, जांच में जुटे अधिकारी

### पटना और दानापुर समेत 3 जगहों पर छापेमारी, करोड़ों की अवैध संपत्ति का खुलासा

बीएनएम @पटना



**पटना**। बिहार में भ्रष्टाचार के खिलाफ जीरो टॉलरेंस की नीति के तहत स्पेशल विजिलेंस यूनिट ने शनिवार को बड़ी कार्रवाई की। नगर विकास एवं आवास विभाग के कार्यपालक अभियंता (एग्जीक्यूटिव इंजीनियर) राजीव कुमार के खिलाफ आय से अधिक संपत्ति अर्जित करने के मामले में पटना सहित तीन ठिकानों पर एक साथ छापेमारी की गई। SVU ने राजीव कुमार के विरुद्ध 1 करोड़ 10 लाख 24 हजार 271 रुपये की अवैध संपत्ति का मामला दर्ज किया है, जिसके आधार पर कोर्ट से सर्च वारंट प्राप्त कर यह कार्रवाई शुरू की गई।छापेमारी के दौरान टीम ने पटना के रामनगरी स्थित सुमित गृहम अपार्टमेंट (फ्लैट नंबर B-202) और दानापुर के खगौल रोड स्थित लैंडमार्क गोल्ड अपार्टमेंट (फ्लैट नंबर 807) में सघन तलाशी ली। इन ठिकानों पर टीम को निवेश, जमीन के कागजात और कीमती संपत्तियों से जुड़े महत्वपूर्ण दस्तावेज मिलने की सूचना है। इसके अतिरिक्त, राजीव कुमार के पंत भवन स्थित सरकारी कार्यालय में भी अधिकारियों ने फाइलों और डिजिटल रिकॉर्ड्स को खंगाला।स्पेशल विजिलेंस यूनिट के अधिकारियों का मानना है कि जांच के दौरान बेनामी संपत्ति और भारी मात्रा में नकद बरामद होने की प्रबल संभावना है। यह कार्रवाई बिहार के सरकारी तंत्र में व्याप्त भ्रष्टाचार को जड़ से मिटाने की दिशा में एक कड़ा संदेश है। विभाग ने संकेत दिए हैं कि भ्रष्ट अधिकारियों का नेटवर्क खंगाला जा रहा है और आने वाले दिनों में कई और बड़े खुलासे हो सकते हैं। फिलहाल, सभी दस्तावेजों की स्क्रूटनी जारी है और संपत्तियों के वास्तविक मूल्य का आकलन किया जा रहा है।

## सामाजिक दायित्व की संकुचित समझ की मिसाल

तेलंगाना विधानसभा ने 'कर्मचारी उत्तरदायित्व एवं माता-पिता की सहायता निगरानी अधिनियम बिल-2026' को मंज़ूरी दे दी है। इसमें प्रावधान है कि राज्य में सरकारी या निजी क्षेत्र के जो कर्मचारी अथवा जन प्रतिनिधि अपने माता-पिता की देखभाल नहीं करेंगे, उनकी तनख्वाह में से 15 प्रतिशत या 10,000 रुपये (इनमें जो कम होगा) काट कर उसे उनके माता-पिता को दे दिया जाएगा। राज्य सरकार का दावा है कि इस तरह वह 2007 में माता- पिता तथा वरिष्ठ नागरिकों की देखभाल एवं कल्याण के लिए बने केंद्रीय कानून से आगे गई है। इस तरह उसने अपना सामाजिक दायित्व निभाया है। मगर यह सामाजिक दायित्व निभाने से कहीं ज्यादा निभाते हुए दिखने का प्रयास भर है।

एक समस्या यह है कि राज्य सरकार की सारी चिंता संगठित क्षेत्र में मौजूद कर्मचारियों के माता-पिता तक सीमित रह गई है। राज्य की कुल श्रम शक्ति में बमुश्किल 20 फीसदी कर्मचारी औपचारिक क्षेत्र में हैं। तो अनौपचारिक क्षेत्र के कर्मियों के माता-पिता की देखभाल कैसे होगी? वैसे भी पारिवारिक या सामाजिक जिम्मेदारी को निभाने के लिए किसी बाध्य करना समस्याग्रस्त सोच है। जो कठिनाइयां सामाजिक एवं पारिवारिक व्यवस्था में बुनियादी बदलाव से खड़ी हुई हैं, उनका अतीत से प्रेरित दृष्टिकोण से समाधान ढूंढना निरर्थक प्रयास है। तेलंगाना सरकार को ये कदम उठाने से पहले समीक्षा करनी चाहिए थी कि 2007 के केंद्रीय कानून से क्या हासिल हुआ? तब उसके सामने स्पष्ट होता कि बुजुर्गों की ऐसी देखभाल के लिए अलग उपायों की जरूरत है, जिससे वे आत्म-सम्मान के साथ जी सकें। राज्य सरकार तेलंगाना में आधुनिक सुविधाओं एवं चिकित्सा की उत्तम व्यवस्था के साथ सरकारी क्षेत्र में वृद्धावस्था आश्रमों का जाल बिछाने का फैसला करती, तो वह सारे देश के लिए एक मिसाल पेश कर सकती थी। इसके लिए प्रगतिशील कराधान से धन जुटाने की पहल सही सोच होती। लेकिन उसने जबरन तनख्वाह काट कर नकदी माता- पिता को देने का जो नजरिया अपनाया है, उससे वृद्धों को उपेक्षित जिंदगी जीने की समस्या से नहीं बचाया जा सकेगा। इस सतही प्रयास का अधिक से अधिक सीमित लाभ ही होगा। स्पष्टतः यह सामाजिक दायित्व की संकुचित समझ की मिसाल है।

# कानून की ओट में, सम्मान का क्षरण

**पं.नरेश शर्मा**



प्रारंभ से ही सम्मान, संवेदना एवं अनुशासन पुलिस की मूल पहचान है । गणवेश केवल अधिकार नहीं अपितु मर्यादा, अनुशासन, सुरक्षा एवं सेवा का भी प्रतीक है । म.प्र.पुलिस का तो ध्येय वाक्य ही देशभक्ति जनसेवा है । यह अवधारणा राष्ट्र के प्रति समर्पण,नागरिक हित,समाज की सुरक्षा एवम् कर्तव्यनिष्ठा की द्योतक है। यदि वर्दी के भीतर सम्मान टूटता है तो समाज में विश्वास क्षीण होता है ।

विगत 07 अप्रैल 2026 की थाना मडला जिला पन्ना द्वारा सेवा निवृत अस्वस्थ एवं वयोवृद्ध पुलिस अधिकारी को ड्राइवर के बाजू की सीट पर बगैर सीट बेल्ट के बैठे होने की साधारण सी मानवीय भूल के कारण पत्नि सहित घोर अपमानित कर गिरफ्तार करना उनकी संपूर्ण सेवा की गरिमा पर प्रश्न चिन्ह है । इसे केवल घटना नहीं अपितु एक चेतावनी के रूप में लेने एवम् पुलिस व्यवस्था के भीतर अनुशासन प्रशिक्षण व भारतीय मूल्यों को पुनर्स्थापित करने का एक अवसर समझना होगा ।

घटना से अनेक प्रश्न उत्पन्न होते हैं कि - क्या पुलिस में अयोग्य व्यक्तियों को भर्ती किया जा रहा है ? क्या उनका प्रशिक्षण युक्तियुक्त नहीं हो रहा है ? पुलिस में आंतरिक अनुशासन का सर्वोपरि होना सिखलाया नहीं जा रहा है ? वरिष्टों के प्रति सम्मान का ह्रास न हो,यह परंपरा पुलिस की रीढ़ है । विशेष आयु एवं अनुभव के प्रति संवेदनशीलता आवश्यक है,क्या यह पाठ प्रशिक्षण में या जिला स्तर के सेमिनारों में नहीं पढ़ाया जा रहा है ? ऐसा प्रतीत होता है कि पुलिस में अनुशासन का संकट गहरा रहा है । कुछेक रक्षक मर्यादा भूल रहे हैं,जिनके कारण आंतरिक अनुशासन को चुनौती मिल रही है। यह चिंताजनक संकेत है । यह वर्दी का गौरव नहीं अपितु अहंकार का प्रतीक है। यह कहते हुए अत्यन्त पीड़ा हो रही है कि सम्मान खोती वर्दी पर से समाज का विश्वास टूटा जा रहा है ।

प्रश्न केवल थाने के समक्ष उपस्थित होकर कानून की ओट में वाहन चेकिंग कर रहे अनाधिकृत पुलिस के आरक्षक स्तर के कर्मचारियों का ही नहीं है अपितु विवाद बढ़ता देख घटना स्थल पर आई महिला थाना प्रभारी ने भी उदण्डता कर रहे अनुशासनहीन अधीनस्थों का न केवल समर्थन किया अपितु स्वयं भी पर्याप्त सम्मानजनक व्यवहार न कर दीर्घ कालीन पुलिस सेवा से निवृत अस्वस्थ दम्पत्ति पर भारतीय न्याय संहिता 2023 की धारा 296,132, 351,221,3(5) सहपठित धारा 27,30 आयुध अधिनियम 1959 के अंतर्गत प्रकरण पंजीकृत कर बिना किसी अनुसंधान के, गिरफ्तारी के समस्त नियमों एवं विधान में वर्णित प्रावधानों का उल्लंघन करते हुए,अवैधानिक रूप से, कारण बताये बिना उन्हें गिरफ्तार कर लिया एवम् साशय विलम्ब कर सायं 05.30 बजे जेल भेजने की पूर्ण मंशा से न्यायालय में प्रस्तुत किया गया । संयोगवश न्यायालय द्वारा जमानत स्वीकार कर ली गई । ग्वालियर जा रहे दंपत्ति की कार भी जप्त कर ली गई जिसे दो दिनों बाद न्यायालय के आदेश से छोड़ा गया। अत्यंत दुखद एवम् आश्चर्य का विषय यह है कि वरिष्ठ सम्माननीय वृद्धा तो मात्र शालीनता पूर्वक उभय पक्षों को समझा रही थी । उनका यह प्रयास आपराधिक कैसे हो गया ? उनकी 40 वर्ष पुरानी लाइसेंस युक्त बंदूक भी जप्त कर ली गई।

प्रकरण में अधिरोपित आरोपों में 07 वर्ष से अधिक कारावास के दण्ड का प्रावधान नहीं है व प्रकरण प्रथम श्रेणी दंडाधिकारी के न्यायालय में विचारण योग्य हैं । दृष्टांत प्रकरण अर्नेश कुमार विरुद्ध बिहार राज्य ( 2014 ) में पारित सर्वोच्च न्यायालय के आदेश के प्रकाश में इस प्रकरण में गिरफ्तारी की आवश्यकता ही नहीं थी । ऐसे प्रकरणों में न्यायालय में अभियोग प्रस्तुत करते समय अभियुक्तों की उपस्थिति मात्र सूचना पत्र देकर सुनिश्चित करना पर्याप्त होता है किन्तु पुलिस के द्वारा सर्वोच्च न्यायालय के आदेश की स्पष्ट अवहेलना ही नहीं की गई अपितु संविधान के अनुच्छेद 21 का उल्लंघन करते हुए एक वरिष्ठ दम्पत्ति के सम्मानपूर्वक जीने के अधिकार का भी अतिक्रमण किया है । इसमें पुलिस अधीक्षक की असंवेदनशीलता एवं मौन स्वीकृति भी स्पष्ट प्रतीत होती है अतः प्रकरण का स्वतंत्र इकाई से अनुसंधान नितान्त अवश्यक है व दुर्भावनापूर्वक मिथ्या अंकित प्रथम सूचना पत्र का निरस्तीकरण वांछनीय है ।

एक समय था !

बहुत पुराना नहीं,कुछ ही साल पहले का... हमारा जमाना ।

यद्यपि यह स्वीकार्य तथ्य है कि पश्चात्वर्ती (Successor) को पूर्ववर्ती ( Predecessor ) से निंदा का सामना करना पड़ता है किंतु मेरी निसंकोच स्वीकारोक्ति है कि हमसे पहले का समय और भी अच्छा था । वरिष्ठों के अनुसरण से ही हमारे द्वारा थानों में शासकीय विभागों के वर्गीकरण युक्त पेंशनधारियों की पंजी संधारित कर रखी जाती थी एवम् समय समय पर उनसे विमर्श कर उनके अनुभवों का लाभ भी प्राप्त किया जाता था । हम तो एक पखवाड़े के एक निश्चित दिन को सेवानिवृत पुलिस अधिकारियों, कर्मचारियों से संपर्क स्थापित कर उनके साथ चाय पीते व समस्याओं के निराकरण पर मार्गदर्शन प्राप्त किया करते थे । तब जबलपुर का अपराधिक जगत अड़ियल घोड़े के सामान था फिर भी हम वरिष्ठों से प्राप्त सुझावों का अनुसरण कर उसकी सवारी कर नकेल कस देते थे । अब वह घोड़ा बारात का घोड़ा बन गया है, पुलिसिंग अपेक्षाकृत सरल एवम् सुविधा संपन्न हो है किंतु वर्तमान पुलिस का व्यवहार अपने पूर्व वरिष्ठों के प्रति उसी अनुपात में चिंतनीय हो गया है । मंथरा की भांति यह कहकर कि "कोउ नृप होई हमै का हानि हम पल्ला झाड़ भी लें तो भरत सिंह साहब के साथ जैसी उत्पन्न स्थिति से कैसे निपटें ? प्रतिकार नही अपितु प्रतिक्रिया करना तो अनिवार्य है,चाहे ऐसा कृत्य पुलिस द्वारा अथवा अन्य विभाग के द्वारा या जनता के द्वारा ही कारित क्यों न हो । मैं अधिवक्ताओं की एकजुटता, उनके द्वारा प्रदर्शित किए जाने वाले विरोध का अहिंसक रहने की सीमा तक का समर्थक हूँ। ऐसा भी नहीं है कि पूरे कुएं में ही भांग घुली हुई है - इंदौर पुलिस यातायात का एक प्रधान आरक्षक अपने कर्तव्य का पालन आकर्षक प्रकार से करने,एक अन्य प्रधान आरक्षक माइलस्टोन की जानकारी,वरिष्ठ नागरिकों को अपने वाहनों में E लिखवाने के परामर्श देने के एवम् एक निरीक्षक बिना हेलमेट लगाये 90 वर्षीय नॉन आरटीओ दुपहिया वाहन चालक से उनके चरणस्पर्श कर समझाइश देने के तरीके से विख्यात होकर सोशियल मीडिया में अत्यंत लोकप्रियता प्राप्त कर रहे हैं । अधिकांशतः पुलिस कर्मी, पुलिस शब्द यथा पु-पुरुषार्थ, लि- लिप्सा रहित,स- साहसी / सहयोगी को चरितार्थ करते हैं तो दूसरी ओर कुछेक ऐसे कर्मचारी एवं अधिकारी हैं जो वर्दी को लज्जित करते हैं जिनके कारण पूरे प्रदेश में सेवानिवृत पुलिस में असंतोष एवम् रोष में व्याप्त है ।

पुलिस मानव जीवन का अत्यंत महत्वपूर्ण अवयव है । पुलिस के बिना एक ही दिन में समाज में भारी अराजकता विस्तारित हो जाएगी । प्रत्येक नागरिक की यह अपेक्षा रहती है कि उसके घर के समक्ष खड़ा बंदूकधारी एक पुलिस वाला हो न कि कोई अवांछनीय तत्व ।

मै स्वतः की पुलिस सेवा पर इतना गर्वांवित हूँ कि श्रीमद्भगवद्गीता में वर्णित पुनर्जन्म की परिकल्पना अनुरूप अगले जन्म में भी पुलिसमेन ही बनना चाहुँगा। इस घटना के परिपेक्ष्य में म.प्र. के सभी सेवा निवृत पुलिस संघों ने एकता,शालीनता,अनुशासन एवम् संवेदनशीलता का उत्कृष्ट उदाहरण प्रस्तुत किया है । जो सुखद अनुभूति का कारण है ।

पुलिस के निरंकुश एवम् अधिनायकवादी प्रवृत्ति के कर्मियों का समय रहते उचित निदान आवश्यक है जिनके कारण पुलिस की धवल छवि मलिन हो रही हैं ।

इज़्ज़तें...शोहरतें... चाहतें... उल्फतें... . कोई भी चीज़ दुनिया में रहती नहीं... आज मैं हूँ जहाँ, कल कोई और था... ये भी एक दौर है,वो भी एक दौर था...

(लेखक- राज्य पुलिस सेवा नगर पुलिसअधीक्षक(से.नि.) हैं)

# 'वात्सल्य पीठ' : करुणा, साधना और आत्मोन्नति का दिव्य तीर्थ

**ललित गर्ग**

दिल्ली जैसे महानगर की आपाधापी, भागदौड़ और संवेदनहीनता के बीच यदि कोई ऐसा स्थान निर्मित हो, जहाँ पहुंचते ही मन शांत हो जाए, आत्मा को विश्राम मिले और जीवन को एक नई दिशा का बोध हो, तो निश्चय ही वह स्थान साधारण नहीं, बल्कि दिव्यता का स्पंदित केन्द्र होता है। 'वात्सल्य पीठ' ऐसा ही एक अनुपम आध्यात्मिक तीर्थ बनकर उभरा है, जो शासनमाता साध्वीप्रमुखा कनकप्रभाजी की स्मृतियों को संजोए हुए न केवल तेरापंथ धर्मसंघ के अनुयायियों के लिए, बल्कि समस्त मानवता के लिए शांति, साधना और आत्मिक उन्नति का केन्द्र बनने जा रहा है। 19 अप्रैल 2026 को इसके उद्घाटन का पावन अवसर केवल एक कार्यक्रम नहीं, बल्कि एक युगीन चेतना के जागरण एवं आध्यात्मिक अनुभवों का प्रतीक है। यह वही पावन भूमि है, जहाँ साध्वीप्रमुखा कनकप्रभाजी ने अपने तप, त्याग और आत्म-साधना के अनेक अमूल्य क्षण व्यतीत किए एवं यह वही सिद्ध भूमि है जहां उन्होंने देह से विदेह होने की यानी निर्वाण यात्रा की है और इसी भूमि पर उनका दाह-संस्कार हुआ। आज वही भूमि 'वात्सल्य पीठ' के रूप में एक ऐसे जीवंत तीर्थ में परिवर्तित हो चुकी है, जहाँ हर कण में वात्सल्य की मधुरता और साधना की गंभीरता अनुभव की जा सकती है। यहाँ का वातावरण मानो स्वयं बोलता है, यहाँ शांति केवल शब्द नहीं, बल्कि अनुभूति है, यहाँ अध्यात्म केवल विचार नहीं, बल्कि जीवन का साक्षात् स्पर्श है। इस स्थल पर पहुंचकर ऐसा लगता है कि जीवन की समस्त अशांति, व्याकुलता और तनाव धीरे-धीरे विलीन हो रहे हैं और आत्मा अपने वास्तविक स्वरूप की ओर लौट रही है।

'वात्सल्य पीठ' की संरचना और सज्जा भी अपने आप में अत्यंत अद्वितीय और आकर्षक है। इसकी वास्तुकला में आधुनिकता और आध्यात्मिकता का सुंदर समन्वय देखने को मिलता है। खुले आकाश की ओर उन्मुख इसकी रचना, प्राकृतिक प्रकाश के लिए बनाए गए स्काईलाइट्स, स्वच्छ वायु के संचार के लिए संतुलित वेंटिलेशन, और सादगी में निहित गरिमामयी भव्यता-ये सभी तत्व इसे एक सजीव ध्यान-स्थली का रूप प्रदान करते हैं। यहाँ की प्रत्येक दीवार, प्रत्येक मार्ग और प्रत्येक कोना जैसे एक मौन संदेश देता है कि जीवन का उद्देश्य बाहरी चकाचौंध में नहीं, बल्कि आंतरिक प्रकाश की खोज में है।

'तमसो मा ज्योतिर्गमय' का शाश्वत मंत्र यहाँ की संरचना में साकार रूप से अनुभव किया जा सकता है। इसकी सज्जा कृत्रिम आडंबर से दूर, सहज और सात्विक है, जो साध्वीप्रमुखा कनकप्रभा के व्यक्तित्व की ही तरह निर्मल, शांत और प्रभावशाली प्रतीत होती है। साध्वीप्रमुखा कनकप्रभा का व्यक्तित्व अपने आप में एक विलक्षण प्रेरणा है। वे केवल एक साध्वी नहीं थीं, बल्कि वात्सल्य की मूर्ति, ज्ञान की गंगा और सृजन की सजीव सरस्वती थीं। अल्पायु में ही आचार्य तुलसी के सान्निध्य में दीक्षित होकर उन्होंने अपने जीवन को साधना, सेवा और सृजन के लिए समर्पित कर दिया। मात्र 17 वर्ष की आयु में उन्होंने जिस आध्यात्मिक पथ का वरण किया, वह आगे चलकर एक विराट साध्वी संघ के संचालन और मार्गदर्शन तक पहुँचा। लगभग सात सौ से अधिक साध्वियों के विशाल परिवार का नेतृत्व करना अपने आप में एक अद्भुत उपलब्धि है और यह तब और भी विशिष्ट हो जाता है जब उसमें अनुशासन के साथ-साथ वात्सल्य और संवेदना का संतुलन भी बना रहे। उन्होंने यह सिद्ध कर दिया कि नारी केवल करुणा और ममता की प्रतीक नहीं, बल्कि संगठन, नेतृत्व और सृजन की भी अद्वितीय शक्ति है। उनका जीवन एक दीपशिखा की भांति था, जो स्वयं जलकर दूसरों को प्रकाश प्रदान करती रही। उनकी वाणी में ओज, विचारों में गहराई और आचरण में ऐसी पवित्रता थी, जो हर व्यक्ति को प्रभावित और प्रेरित करती थी। वे केवल आध्यात्मिक साधना तक सीमित नहीं रहीं, बल्कि साहित्य, शिक्षा और सामाजिक चेतना के क्षेत्र में भी उन्होंने उल्लेखनीय योगदान दिया। उन्होंने अनेक साहित्यिक कृतियों की रचना और संपादन किया तथा आचार्य तुलसी की आत्मकथा 'मेरा जीवन मेरा दर्शन' के संपादन में भी अपनी अद्वितीय प्रतिभा का परिचय दिया। उनकी लेखनी में संवेदनशीलता, अभिव्यक्ति में माधुर्य और चिंतन में गहराई का अद्भुत समन्वय था। वे एक सफल साध्वी, कुशल प्रशासक, प्रभावशाली वक्ता और संवेदनशील कवयित्री के रूप में जानी जाती थीं।

'वात्सल्य पीठ' का निर्माण केवल एक स्मारक के रूप में नहीं किया गया है, बल्कि इसे एक जीवंत आध्यात्मिक केन्द्र के रूप में विकसित किया गया है। यह स्थान आने वाले समय में एक ऐसे तीर्थ के रूप में प्रतिष्ठित होगा, जहाँ न केवल श्रद्धालु, बल्कि जीवन में शांति-दिशा की खोज करने वाला प्रत्येक व्यक्ति आकर्षित होगा। यहाँ आने वाला हर व्यक्ति अपने भीतर एक नई ऊर्जा, एक नई सकारात्मकता और एक नए संकल्प का अनुभव करेगा। यह स्थान व्यक्ति को स्वयं से जोड़ता है और यही जुड़ाव उसे समाज, संस्कृति और मानवता के प्रति अपने दायित्वों का भी बोध कराता है। शासन माता साध्वीप्रमुखा कनकप्रभा का संपूर्ण जीवन वात्सल्य की ऐसी निर्मल धारा था, जिसने न केवल तेरापंथ साध्वी संघ को, बल्कि जन-जन के अंतर्मन को भी स्नेह, करुणा और आत्मीयता से आप्लावित किया। उनके व्यक्तित्व में वात्सल्य केवल एक गुण नहीं, बल्कि एक जीवंत चेतना थी, एक ऐसी करुणामयी ऊर्जा, जो हर मिलने वाले को अपनेपन के आलोक में भर देती थी। वे अनुशासन की अधिष्ठात्री होते हुए भी ममता की मूर्ति थीं, उनके सान्निध्य में कठोरता भी कोमलता में बदल जाती थी। उन्होंने सैकड़ों साध्वियों का नेतृत्व केवल व्यवस्था से नहीं, बल्कि माँ की तरह स्नेहिल संरक्षण देकर किया और यही कारण था कि उनके व्यक्तित्व में 'शासन' और 'माता' का अद्भुत संगम साकार हुआ। उनके प्रेम, संवेदना और वात्सल्य की असीम अनुकम्पा से अनगिनत जीवन स्पर्शित, परिवर्तित और आलोकित हुए। इसी वात्सल्य-रस से आप्लावित उनके जीवन की स्मृतियों को सहेजने के लिए 'वात्सल्य पीठ' नाम पूर्णतः सार्थक और उपयुक्त प्रतीत होता है, क्योंकि यह केवल एक स्मारक नहीं, बल्कि उस दिव्य मातृत्व, उस अनंत करुणा और उस जीवनदायी स्नेह का प्रतीक है, जिसे साध्वीप्रमुखा कनकप्रभा ने अपने जीवन के प्रत्येक क्षण में जिया और जन-जन तक पहुँचाया।

आज के समय में, जब भौतिकता और प्रतिस्पर्धा की अंधी दौड़ में मनुष्य अपने भीतर की शांति और संतुलन खोता जा रहा है, ऐसे में 'वात्सल्य पीठ' जैसे केन्द्र अत्यंत आवश्यक हो जाते हैं। यह हमें स्मरण कराता है कि जीवन का वास्तविक सुख बाहरी उपलब्धियों में नहीं, बल्कि आंतरिक संतुलन और आत्मिक उन्नति में निहित है। साध्वी प्रमुखा कनकप्रभा जी का जीवन इसी सत्य का सजीव उदाहरण है। उन्होंने अपने जीवन के माध्यम से यह संदेश दिया कि साधना से आत्मा का उत्थान होता है, सेवा से समाज का निर्माण होता है और सृजन से संस्कृति का संवर्धन होता है। 'वात्सल्य पीठ' इसी त्रिवेणी-साधना, सेवा और सृजन का साकार रूप है। यह स्थान न केवल अतीत की गौरवगाथा को संजोए हुए है, बल्कि भविष्य के लिए भी एक प्रेरणास्रोत है। यहाँ की हर ईंट, हर पत्थर और हर संरचना में साध्वीप्रमुखा कनकप्रभाजी के जीवन मूल्यों की झलक दिखाई देती है। यह स्थल उनके व्यक्तित्व का प्रतिबिंब ही नहीं, बल्कि उनके विचारों और साधना का जीवंत विस्तार है।

निस्संदेह, आने वाले समय में 'वात्सल्य पीठ' एक ऐसे तीर्थ के रूप में प्रतिष्ठित होगा, जहाँ से शांति, करुणा और आध्यात्मिकता की किरणें चारों ओर फैलेगी। यह स्थान जन-जन को यह प्रेरणा देगा कि जीवन की सच्ची यात्रा बाहर नहीं, भीतर की ओर होती है, और उसी यात्रा में आत्मा को उसका वास्तविक आनंद, शांति और मुक्ति का अनुभव प्राप्त होता है। वास्तव में, 'वात्सल्य पीठ' केवल एक स्थान नहीं, बल्कि एक अनुभूति है-एक ऐसी अनुभूति, जो मन को शांत करती है, आत्मा को जागृत करती है और जीवन को सार्थक बनाती है। यहाँ आकर हर व्यक्ति यही अनुभव करेगा कि जब जीवन में वात्सल्य, करुणा और साधना का संगम होता है, तभी जीवन अपने वास्तविक अर्थ को प्राप्त करता है। यही इस दिव्य स्थल की सबसे बड़ी उपलब्धि और विशेषता है।

"वात्सल्य की छाया में जब आत्मा को विश्राम मिलेगा,
तभी जीवन का हर क्षण प्रभु-स्मरण में धाम मिलेगा।"




**मेष राशिः** आज का दिन आपके लिए नयी उमंगों से भरा रहने वाला है। आपका हंसमुख स्वभाव दूसरों की ख़ुशी की वजह बनेगा। कहीं रुका हुआ पैसा आज आपको वापस मिलेगा, जिससे आर्थिक हालात में सुधार आएगा। आज अपने परिवार के साथ कहीं घूमने का प्लान बनायेंगे। बच्चे आज खेल-कूद में व्यस्त रहेंगे। आज किसी अनुभवी व्यक्ति से मिलकर आपको अपनी कई समस्याओं का हल मिल जाएगा।

**वृष राशि** : आज का दिन आपके अनुकूल रहने वाला है। आज आप किसी भी पुरानी बातों में न उलझें। जो व्यापारी अपने कारोबार के सिलसिले में घर से बाहर जा रहे हैं उनके लिए धनलाभ के योग हैं। आज आपकी रुचि समाज सेवा में ज्यादा रहेगी। आज किसी ऐसे इंसान से मिलने की संभावना है जो बिजनेस में आपको लाभ दिलायेगा।

**मिथुन राशि** : आज का दिन आपके लिए शानदार रहेगा। प्रभावशाली लोगों का सहयोग आपके उत्साह को दोगुना कर देगा। आज आप नया घर लेने का विचार करेंगे। परिवार में इस पर विचार विमर्श करेंगे। बच्चे आज आपको अपनी उपलब्धियों से गर्व का अनुभव कराएंगे। दिन को ख़ास बनाने के लिए स्नेह और उदारता के छोटे-छोटे तोहफ़े लोगों को दें।

**कर्क राशि** : आज का दिन आपके लिए भावनात्मक होने वाला है क्योंकि आज बचपन का बिछड़ा हुआ दोस्त अचानक से मिल सकता है ये बहुत ही भावुक क्षण होगा। आपके जीवनसाथी का अच्छा व्यवहार आपका दिन ख़ुशनुमा बना देगा। जो लोग अपने करीबियों या रिश्तेदारों के साथ मिलकर बिजनेस कर रहे हैं उन्हें आपस में ताल-मेल बनाकर काम करने की जरूरत है।

**सिंह राशिः** आज का दिन आपके लिए बेहतरीन रहने वाला है। ज़िंदगी का भरपूर लुत्फ उठाने के लिए अपनी महत्वाकांक्षाओं को क़ाबू में रखें। योग का सहारा लेंगे, जो आध्यात्मिक, मानसिक और शारीरिक तौर पर स्वस्थ रखकर दिल और दिमाग को बेहतर बनाता है। आज किसी महिला की मदद से आपको कारोबार या नौकरी में आर्थिक लाभ होने की संभावना है।

**कन्या राशि** : आज का दिन आपके लिए व्यस्तता से भरा रहने वाला है। घर के जरूरतों को आज नजरंदाज न करें। आपके परिवार को आपसे बहुत ज़्यादा उम्मीदें हैं, जिसके चलते आपको थोड़ी और मेहनत करने की आवश्यकता है। आज लवमेटआज एक-दूसरे के भावनाओं की कद्र करेंगे, जिससे रिश्ते में और मधुरता आयेगी।

**तुला राशि** : आज का दिन आपके लिए खास होगा। यदि आज आप बाहर घूमने की करते तो आपका वक़्त हंसी-खुशी और सुकून में बीतेगा। आज आप घर के सजावट का सामान खरीदने मार्केट जायेंगे। दफ्तर के कामकाज में ज्यादा व्यस्तता के चलते आज आप घर देर से पहुंचेंगे। आज व्यक्ति आपकी बातों को सुनने से ज्यादा अपनी बातें कहना पसंद करेगा।

**वृश्चिक राशि** : आज आपका दिन अच्छा बीतेगा है। बिजनेस में प्राप्त हुआ धन आप दोबारा अपने बिजनेस में ही लगायेंगे। किसी आवश्यक कार्य में आप भाई-बहन से सलाह लेंगे। आज जीवनसाथी के साथ समय बिताने से रिश्ते में और मधुरता आएगी। आज परिवार के साथ आप घूमने जा सकते है।

**धनु राशि** : आज का दिन आपके लिए ठीक-ठाक रहने वाला है। अचानक आए ख़र्चे आपको थोड़े उलझन में डाल सकते है, लेकिन आप जल्द ही सब नियंत्रण में कर लेंगे। आज आपके रूखे बर्ताव के कारण आपकी बातों से असहमत हो सकता है। आज के दिन आप अपने लिए समय निकालें और अपनी कमियों और खूबियों पर गौर करें।

**मकर राशि** : आज का दिन फेवरेबल रहने वाला है। आज आपका पड़ोसी आपसे मदद मांग सकता है। घर की समस्याओं को समझने के लिए आज घर के किसी वरिष्ठ शख्स के साथ विचार विमर्श करना जरूरी है। यदि आज दिन अपने व्यक्तित्व को निखारने में लगायेंगे तो परिणाम अच्छे हो सकते हैं।

**कुंभ राशि** : आज का दिन आपके लिए ठीक-ठाक रहने वाला है। बहुत सोच समझकर पहले ही किया गया निवेश आज काफी फ़ायदेमंद रहेगा और समृद्धि लेकर आएगा। आज आप आर्थिक मामलों को जरूरत से ज़्यादा गंभीरता से लेंगे और उसे दूर करने के लिए विचार करेंगे। आज आप अपने दोस्त के साथ कहीं घूमने का प्लान करेंगे। आज कुछ नया और सृजनात्मक करने के लिहाज से दिन अच्छा है।

**मीन राशि** :आज का दिन आपके लिए अच्छा रहने वाला है। आपके आस-पास के लोग आपको प्रोत्साहित करेंगे व आपके काम को सराहेंगे। घर पर कोशिश करें कि आपका व्यवहार ज्यादा गुस्से वाला न हो, गुस्से पर नियंत्रण रखे, पारिवारिक माहौल बेहतर होगा।

# अनंत समृद्धि का दिन है अक्षय तृतीया

**रमेश सर्राफ धमोरा**



हमारे देश में समय-समय पर बहुत से त्यौहार मनाये जाते हैं। इसलिए हमारे देश को त्योहारों का देश भी कहते है। हिन्दू धर्मावलम्बियों के प्रमुख त्योहारों में से एक अक्षय तृतीया है जिसे हम आखा तीज भी कहते हैं। अक्षय तृतीया देश भर में हिंदुओं द्वारा मनाए जाने वाले सबसे पवित्र और शुभ दिनों में से एक है। माना जाता है कि इस दिन से जो भी कार्य इस शुरू होता है वो हमेशा पूर्ण होता है। यह त्यौहार हर वर्ष वैशाख महीने में शुक्ल पक्ष के तृतीया को आता है। इस वर्ष अक्षय तृतीया 22 अप्रैल को है। अक्षय तृतीया को शादी का अबूझ मुहुर्त माना जाता हैं। क्योंकि इस दिन शुभ कार्य करने के लिए मुहूर्त नहीं देखना पड़ता। इसी कारण अक्षय तृतीया को बहुत अधिक शादियां होती हैं। अक्षय तृतीया का पर्व बसंत और ग्रीष्म के संधिकाल का महोत्सव है। इस तिथि में गंगा स्नान, पितरों का तिल व जल से तर्पण और पिंडदान भी पूर्ण विश्वास से किया जाता है जिसका फल भी अक्षय होता है। इस तिथि की गणना युगादि तिथियों में होती है। क्योंकि सतयुग की समाप्ती पर त्रेतायुग का आरंभ इसी तिथि से हुआ है। माना जाता है कि इस दिन भगवान विष्णु ने परशुराम के रूप में जन्म लिया था। इसीलिये इस दिन को परशुराम जयंती के रूप में मनाते हैं। मान्यता है कि आखा तीज के दिन राजा भागीरथ गंगा नदी को पृथ्वी पर लाये थे। अक्षय तृतीया के दिन भगवान विष्णु तथा उनकी धर्मपत्नी लक्ष्मी जी की पूजा की जाती है। आखा तीज के दिन ही देवी अन्नपूर्णा का जन्म भी हुआ था। यह वह दिन था जब भगवान कृष्ण ने अपनी सारी संपत्ति और सौभाग्य अपने गरीब मित्र सुदामा को दे दिया था। अक्षय तृतीया के दिन श्रद्धेय ऋषि वेद व्यास ने महाभारत की रचना शुरू की थी। और पुराणों के अनुसार यह दिन त्रेता युग की शुरुआत का प्रतीक है। जो मानव जाति के चार युगों या युगों में से दूसरा है।

अक्षय तृतीया वैशाख महीने में शुक्ल पक्ष की तृतीया तिथि को मनाया जाता है। हिंदू शास्त्रों और पुराणों के अनुसार चार युग का चक्र होता है, जिसे सतयुग, त्रेतायुग, द्वापरयुग और कलियुग के नाम से जाना जाता है। अक्षय तृतीया के दिन सतयुग जिसे इंसान के जीवन का सुनहरा दौर कहा जाता है वो समाप्त हो जाता है और त्रेतायुग शुरू हो जाता है। इसलिए अक्षय तृतीया को युगादि तिथि भी कहा जाता है। हिंदू परिवारों के लिए यह दिन बहुत ज्यादा महत्व रखता है।

अक्षय शब्द का अर्थ होता है कभी न मिटने या कम होने होने वाला। संस्कृत में अक्षय (अक्षय) शब्द का अर्थ समृद्धि, आशा, खुशी, सफलता होता है। जबकि तृतीया का अर्थ है चंद्रमा का तीसरा चरण। इसका नाम हिंदू कैलेंडर में वैसाख के वसंत महीने के तीसरे चंद्र दिवस के नाम पर रखा गया है। इस त्योहार को हम अपनी भाषा में आखातीज नाम से भी जानते हैं। जिसका अर्थ होता है जो कभी खत्म ना होने वाला। इसलिए माना जाता है की यह दिन हमारे लिए वस्तुओं की खरीदारी का सबसे शुभ दिन माना जाता है। अक्षय शब्द का अर्थ होता है जो कभी खत्म न हो। इसी कारण इस दिन किए गए सभी अच्छे कार्यों, जैसे जप, यज्ञ, दान-पुण्य, का पुण्य कभी भी समाप्त नहीं होता। माना जाता है कि अक्षय तृतीया का दिन व्यक्ति को अनंत सुख और समृद्धि की प्राप्ति करता है। इस दिन जितने पुण्य किए जाए उतने हमें हमारे लिए कम है।

जैन धर्म में अक्षय तृतीया एक महत्वपूर्ण तिथि है जिसे दान और पुण्य कार्य करने के लिए विशेष रूप से शुभ माना जाता है। इस दिन भगवान ऋषभदेव (प्रथम तीर्थंकर) ने एक वर्ष की तपस्या के बाद गन्ने के रस से पारणा किया था इसलिए इस दिन को अक्षय तृतीया के रूप में मनाया जाता हैं। अक्षय तृतीया के दिन यूं तो आप किसी भी देवी-देवता की पूजा कर सकते हैं। लेकिन विशेष रूप से इस दिन माता लक्ष्मी, भगवान गणेश और धन के देवता कुबेर की पूजा करने का विधान है। अन्य त्योहारों की तरह इस त्यौहार में भी दीपक जलाते हैं। इस दिन किया गया परोपकार हमारे लिए जीवन को सुखी बना देता हैं। इसीलिए इस दिन लोग गरीबों को भोजन कराते हैं तथा उनकी सहायता करते हैं।

माना जाता है कि इस दिन किए गए पुण्य हमारे लिए स्वर्ग में जगह बनाते हैं। इस दिन कई लोग जागरण रखकर हवन करते हैं तथा गरीबों को दान देते हैं। कई लोग अपने नए घर में मुहूर्त के हिसाब से प्रवेश करते हैं। अक्षय तृतीया का पौराणिक महत्व भी है। मान्यता है कि इसी दिन सतयुग और त्रेता युग का आरंभ हुआ था। द्वापर युग का समापन और महाभारत युद्ध का समापन भी इसी तिथि को हुआ था। देश के अनेक हिस्सों में इस तिथि का अलग-अलग महत्व है। जैसे उड़ीसा और पंजाब में इस तिथि को किसानों की समृद्धि से जोड़कर देखा जाता है। तो बंगाल में इस दिन गणपति और लक्ष्मीजी की पूजा का विधान है। इतना पवित्र पर्व होने के उपरांत भी इस दिन बड़ी संख्या में होने वाले बाल विवाह इस पर्व के महत्व को कम करते हैं। अबूझ सावा मानकर बड़ी संख्या में लोग अपने नाबालिक बच्चों की इस दिन शादी कर देते हैं। कम उम्र के बच्चों के विवाह रोकने के लिए इस दिन प्रशासन को विशेष इंतजाम करने पड़ते हैं। राजस्थान सहित कई प्रदेशों में तो अक्षय तृतीया का दिन बाल विवाह के लिए बदनाम हो चुका है। विकास के दौर में बाल विवाह एक नासूर के समान है। देश में हर व्यक्ति को शिक्षित करने की मुहिम चल रही है। हर व्यक्ति को उत्तम स्वास्थ्य सुविधा प्रदान करने के प्रयास किए जा रहे हैं। ऐसे में बाल विवाह होना समाज के माथे पर एक कलंक के समान है।

प्रकाशक एवं स्वामी सागर सूरज, द्वारा सरोतर निवास, राजाबाजार-कचहरी रोड, मोतिहारी, बिहार-845401 से प्रकाशित व प्रकाश प्रेस मोतिहारी से मुद्रित, संपादक-सागर सूरज* फोन न.9470050309 प्रसारः-9931408109 ईमेलः-bordernewsmirror@gmail.com वेबसाइटः-bordernewsmirror.com (*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार) RNI. N. BIHBIL/2022/88070

# नहीं चल रहा रहाणे का बल्ला, केकेआर के लिए गंभीर समस्या, आईपीएल इतिहास में 14वीं बार हुए डक का शिकार

एजेंसी, नई दिल्ली



अजिंक्य रहाणे का मौजूदा फॉर्म इंडियन प्रीमियर लीग 2026 में कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) के लिए एक गंभीर सिरदर्द बनता जा रहा है। न तो रहाणे अपनी कप्तानी से टीम को प्रेरित कर पा रहे हैं और न ही उनका बल्ला उम्मीद के मुताबिक रन उगल रहा है। सीजन के 25वें मुकाबले में गुजरात टाइटंस के खिलाफ जब वे सलामी बल्लेबाज के रूप में क्रीज पर उतरे तो प्रशंसकों को उनसे एक बड़ी और महत्वपूर्ण पारी की उम्मीद थी। लेकिन रन बनाना तो दूर, रहाणे अपना खाता तक नहीं खोल पाए और पहली ही गेंद पर मोहम्मद सिराज का शिकार बन गए। यह आईपीएल के इतिहास में 14वां अवसर था, जब रहाणे 'डक' पर आउट हुए हैं। इस अनचाहे रिकॉर्ड के साथ उन्होंने अंबाती रायडू और मनीष पांडे जैसे खिलाड़ियों की बराबरी कर ली है, जिनके नाम भी आईपीएल में सर्वाधिक बार शून्य पर आउट होने का रिकॉर्ड दर्ज है। यह आंकड़ा उनकी वर्तमान फॉर्म और टीम के लिए बढ़ती चिंताओं को उजागर करता है।

मोहम्मद सिराज के ओवर में अजिंक्य रहाणे को एक 'गोल्डन डक' पर आउट होते हुए देखना केकेआर के लिए एक निराशाजनक शुरुआत थी। रहाणे और टिम साइफर्ट की सलामी जोड़ी पारी की शुरुआत करने उतरी। साइफर्ट ने सिराज के ओवर की दूसरी गेंद पर एक शानदार चौका लगाया और फिर एक सिंगल लेकर स्ट्राइक रहाणे को सौंप दी। अपनी पहली ही गेंद का सामना कर रहे रहाणे ऑफ स्टंप के बाहर एक बड़ा शॉट खेलने का प्रयास कर रहे थे, लेकिन गेंद बल्ले के बाहरी किनारे से लगकर हवा में चली गई। कगिसो रबाडा ने कैच लपकने में कोई गलती नहीं की और निराशा से भरे चेहरे के साथ केकेआर के कप्तान को पवेलियन लौटना पड़ा। यह विकेट टीम के लिए मनोवैज्ञानिक रूप से एक बड़ा झटका था, क्योंकि रहाणे से एक ठोस शुरुआत की उम्मीद थी।

रहाणे का अब तक इस सीजन में प्रदर्शन देखें तो, मुंबई इंडियंस के खिलाफ टीम के शुरुआती मैच में उन्होंने शानदार बल्लेबाजी करते हुए 67 रन की प्रभावशाली पारी खेली थी। हालांकि, उस पारी के बाद से वे अपनी लय हासिल करने में नाकाम रहे हैं और टीम को विस्फोटक तथा ठोस शुरुआत दिलाने में लगातार असफल हो रहे हैं। सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ वे सिर्फ 8 रन बनाकर आउट हो गए थे, जबकि पंजाब किंग्स के खिलाफ बारिश के चलते रद्द हुए मुकाबले में वे आठ रन बनाकर नाबाद रहे। लखनऊ सुपर जायंट्स के खिलाफ रहाणे ने 41 रन की एक धीमी पारी खेली, जो टीम की आवश्यकता के अनुरूप नहीं थी।

## सनराइजर्स हैदराबाद में हुई खुंखार गेंदबाज की एंट्री, विरोधियों पर कितना ढाएगें कहर !

एजेंसी, नई दिल्ली

इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2026 में अपनी स्थिति मजबूत करने की जुगत में लगी सनराइजर्स हैदराबाद ने अपने दल में एक महत्वपूर्ण बदलाव किया है। टीम ने घातक तेज गेंदबाज डेविड पेन के चोटिल होकर टूर्नामेंट से बाहर होने के बाद उनकी जगह दक्षिण अफ्रीका के उभरते हुए सितारे जेराल्ड कोएत्जी को शामिल किया है।

पेन ने इस सीजन में फ्रेंचाइजी के लिए सिर्फ दो मैच ही खेले थे, जिसके बाद टखने की गंभीर चोट ने उन्हें शेष टूर्नामेंट से वंचित कर दिया। जेराल्ड कोएत्जी, जिनकी उम्र मात्र 25 साल है, अपने अनुभव और आक्रामक गेंदबाजी के लिए जाने जाते हैं। वह




इस साल की नीलामी में किसी भी टीम द्वारा नहीं चुने गए थे, लेकिन उनका आईपीएल रिकॉर्ड प्रभावशाली रहा है। इससे पहले उन्होंने मुंबई इंडियंस और गुजरात टाइटंस जैसी मजबूत फ्रेंचाइजियों के लिए खेलते हुए 14 मैचों में 15 महत्वपूर्ण विकेट अपने नाम किए हैं। उनकी सटीक यॉर्कर्स और गति विरोधियों के लिए हमेशा चुनौती रही है। सनराइजर्स हैदराबाद ने इस तेज गेंदबाज को 2 करोड़ रुपये की कीमत पर अपने साथ जोड़कर अपनी गेंदबाजी इकाई को और धारदार बनाया है। अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर भी कोएत्जी ने अपनी पहचान बनाई है।

वह हाल ही में संपन्न हुए दक्षिण अफ्रीका की टी20 विश्व कप टीम का अहम हिस्सा थे, हालांकि उन्हें दुर्भाग्यवश टूर्नामेंट के दौरान एक भी मैच में खेलने का अवसर नहीं मिल पाया था। विश्व कप के तुरंत बाद उन्होंने न्यूजीलैंड के खिलाफ खेली गई सभी पांच टी20 मैचों में भाग लिया, जहाँ उन्होंने अपने प्रदर्शन से प्रभावित किया और अपनी फॉर्म व फिटनेस का संकेत दिया। उनकी यह वापसी टीम के लिए निश्चित रूप से फायदेमंद साबित होगी।

## आईपीएल 2026 में छक्कों की बरसात, रजत पाटीदार सबसे आगे

एजेंसी, नई दिल्ली



आईपीएल 2026 का रोमांच जैसे-जैसे आगे बढ़ रहा है, वैसे-वैसे टूर्नामेंट में बल्लेबाजों का दबदबा साफ नजर आने लगा है। अब तक खेले जा चुके 24 मुकाबलों में दर्शकों को कई हाई-स्कोरिंग मैच देखने को मिले हैं, जहां बल्लेबाजों ने खुलकर रन बनाए और छक्कों की झड़ी लगा दी। इस सीजन में अब तक दो शतक भी लग चुके हैं, जिससे साफ है कि बल्लेबाज शानदार फॉर्म में हैं और पिचें भी उनके अनुकूल साबित हो रही हैं। कई युवा खिलाड़ियों ने अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया है, वहीं कुछ अनुभवी खिलाड़ियों ने भी अपनी खोई हुई लय वापस पा ली है। इस सीजन में अब तक सबसे ज्यादा छक्के लगाने का रिकॉर्ड रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के कप्तान रजत पाटीदार के नाम है। उन्होंने पांच मैचों की पांच पारियों में कुल 21 छक्के जड़कर इस सूची में पहला स्थान हासिल किया है। पाटीदार ने 222 रन बनाते हुए अपनी टीम के लिए कई महत्वपूर्ण पारियां खेली हैं और ऑरेंज कैप की दौड़ में भी शामिल हैं। उनकी आक्रामक बल्लेबाजी ने आरसीबी को मजबूत स्थिति में पहुंचाने में अहम भूमिका निभाई है। दूसरे स्थान पर युवा बल्लेबाज वैभव सूर्यवंशी का नाम है, जिन्होंने महज 15 साल की उम्र में शानदार प्रदर्शन कर सबको चौंका दिया है। उन्होंने पांच मैचों में 200 रन बनाए हैं और इस दौरान 18 छक्के लगाए हैं।


## श्रेयस अय्यर को आकाश चोपड़ा ने बताया नया चेज मास्टर

एजेंसी, नई दिल्ली

इंडियन प्रीमियर लीग 2026 में पंजाब किंग्स के कप्तान श्रेयस अय्यर शानदार फॉर्म में हैं और उनकी बल्लेबाजी व कप्तानी का जलवा देखने को मिल रहा है। उनकी कप्तानी में पंजाब की टीम अभी तक अजेय रही है, जो इस सीजन की एक बड़ी उपलब्धि है। शुरुआती 24 मुकाबले हो जाने के बाद पंजाब ही एकमात्र ऐसी टीम है जिसने कोई मुकाबला नहीं गंवाया है। कप्तानी के साथ-साथ श्रेयस अपनी बल्लेबाजी में भी कमाल कर रहे हैं, उन्होंने जारी सीजन में लगातार तीन पारियों में अर्धशतक लगाया है। उनके नेतृत्व में पंजाब ने सभी चार मुकाबले सफलतापूर्वक लक्ष्य का पीछा करते हुए जीते हैं, और इस दौरान श्रेयस अय्यर ने कई मैचों में दमदार पारियां खेलकर टीम को जीत दिलाई है। उनके इस प्रदर्शन के चलते भारत के पूर्व क्रिकेटर आकाश चोपड़ा ने उनकी तुलना चेज मास्टर विराट कोहली से की है। आकाश चोपड़ा ने श्रेयस के प्रदर्शन पर टिप्पणी करते हुए कहा कि, अय्यर नए चेज मास्टर हैं।

## जोस बटलर टी20 में 300 कैच पूरे करने वाले दुनिया के चौथे खिलाड़ी बने

एजेंसी, नई दिल्ली




इंडियन प्रीमियर लीग 2026 में बल्ले से रन बनाने को तरस रहे गुजरात टाइटंस के विकेटकीपर बल्लेबाज जोस बटलर ने कोलकाता नाइट राइडर्स के खिलाफ एक बड़ी और अनोखी उपलब्धि हासिल की। अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में खेले गए इस महत्वपूर्ण मैच में, इंग्लैंड के इस अनुभवी खिलाड़ी ने कगिसो रबाडा की गेंद पर अंगक्रिश रघुवंशी का शानदार कैच लपका। रघुवंशी का यह कैच पकड़कर बटलर ने टी20 क्रिकेट में 300 कैच पूरे करने वाले दुनिया के चौथे खिलाड़ी बनने का गौरव हासिल किया। यह एक विकेटकीपर के लिए असाधारण उपलब्धि है, जो उनकी फिटनेस, एकाग्रता और विकेटकीपिंग कौशल का प्रमाण है। उनसे पहले, क्रिकेट जगत में यह उल्लेखनीय उपलब्धि केवल तीन अन्य खिलाड़ियों वेस्टइंडीज के कीरोन पोलार्ड, साउथ अफ्रीका के डेविड मिलर और साउथ अफ्रीका के ही क्विंटन डी कॉक ने हासिल की थी। अहमदाबाद में केकेआर और जीटी के बीच खेला गया आईपीएल 2026 का यह मैच जोस बटलर के करियर का 498वां टी20 मैच था। यह आंकड़ा उनकी लंबी और सफल टी20 करियर को दर्शाता है, जिसमें उन्होंने विभिन्न लीगों और अंतरराष्ट्रीय मैचों में लगातार प्रदर्शन किया है। टी20 क्रिकेट में सबसे ज्यादा कैच लेने का रिकॉर्ड वेस्टइंडीज के दिग्गज ऑलराउंडर कीरोन पोलार्ड के नाम है।

# बिजनेस

## सोना और चांदी का आयात करने के लिए 17 बैंकों की लिस्ट जारी, लिस्ट में शामिल दो बैंकों को चांदी के आयात की अनुमति नहीं

एजेंसी, नई दिल्ली




केंद्र सरकार ने देश के 15 बैंकों को 31 मार्च 2029 तक अंतरराष्ट्रीय बाजार से सोना और चांदी का आयात करने की अनुमति दी है। इन 15 बैंकों के अलावा दो बैंकों को सिर्फ सोना का आयात करने की अनुमति दी गई है। वाणिज्य मंत्रालय के अंतर्गत काम करने वाले विदेश व्यापार महानिदेशालय (डीजीएफटी) ने एक पब्लिक नोटिस के जरिए सोना और चांदी का आयात करने के लिए अनुमति प्राप्त कुल 17 बैंकों की अपडेट लिस्ट जारी कर दी है।

डीजीएफटी की इस अपडेटेड लिस्ट में शामिल 17 बैंकों में से 15 बैंकों को सोना और चांदी दोनों चमकीली धातुओं का आयात करने की अनुमति दी गई है, जबकि दो बैंक सिर्फ अंतरराष्ट्रीय बाजार से सिर्फ सोने का ही आयात कर सकते हैं। इन्हें चांदी का आयात करने की अनुमति नहीं दी गई है। इस अपडेटेड लिस्ट के अनुसार स्टेट बैंक ऑफ इंडिया, पंजाब नेशनल बैंक, बैंक ऑफ इंडिया, इंडियन ओवरसीज बैंक, एक्सिस बैंक लिमिटेड, आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, एचडीएफसी बैंक लिमिटेड, यस बैंक लिमिटेड, इंडसइंड बैंक लिमिटेड, डॉयचे बैंक, फेडरल बैंक लिमिटेड, कोटक महिंद्रा बैंक, करूर वैश्य बैंक लिमिटेड, आरबीएल बैंक लिमिटेड और इंडस्ट्रियल एंड कॉमर्शियल बैंक ऑफ चाइना लिमिटेड को अंतरराष्ट्रीय बाजार से सोना और चांदी दोनों धातुओं का आयात करने की अनुमति दी गई है। इसके अलावा यूनियन बैंक आफ इंडिया और एसबीईआर बैंक को अंतरराष्ट्रीय बाजार से सिर्फ सोना का आयात करने की अनुमति दी गई है। ये दोनों बैंक चांदी का आयात नहीं कर सकते हैं। आपको बता दें कि भारत को सोना और चांदी दोनों चमकीली धातुओं की अपनी जरूरत को पूरा करने के लिए अंतरराष्ट्रीय बाजार पर निर्भर करना पड़ता है। इन दोनों चमकीली धातुओं के आयात को नियंत्रित करने के लिए केंद्र सरकार देश में काम कर रहे व्यवसायिक बैंकों को अधिकृत करती है। केंद्र सरकार द्वारा अधिकृत होने वाले बैंकों के जरिए ही ज्वेलरी इंडस्ट्री और बुलियन मार्केट के लिए सोना और चांदी का आयात किया जा सकता है। सोना चांदी का आयात करने के लिए अधिकृत बैंकों की सूची जारी हो जाने के बाद ज्वेलरी इंडस्ट्री और बुलियन मार्केट को काफी सुविधा होती है, क्योंकि ऐसा हो जाने से उनके लिए डायरेक्ट इंपोर्ट चैनल तय हो जाता है और किसी भी बिचौलिए की भूमिका नहीं रह जाती है।

## एक बार फिर 700 अरब डॉलर के पार पहुंचा देश का विदेशी मुद्रा भंडार

एजेंसी, नई दिल्ली



पश्चिम एशिया में जारी तनाव के कारण डांवाडोल हो रही वैश्विक अर्थव्यवस्था के माहौल में भारत के लिए आर्थिक मोर्चे से एक अच्छी खबर है। देश का विदेशी मुद्रा भंडार एक बार फिर 700 अरब डॉलर के स्तर को पार कर गया है। देश का विदेशी मुद्रा भंडार 10 अप्रैल को समाप्त हुए सप्ताह में 3.825 अरब डॉलर बढ़ कर 700.946 के स्तर पर पहुंच गया। देश के विदेशी मुद्रा भंडार में हुई यह वृद्धि लगातार दूसरे सप्ताह दर्ज की गई है। इससे पहले तीन अप्रैल को खत्म हुए सप्ताह में विदेशी मुद्रा भंडार 9.063 अरब डॉलर की बढ़त के साथ 697.121 अरब डॉलर के स्तर पर आ गया था। भारतीय रिजर्व बैंक की ओर से उपलब्ध कराई की जानकारी के अनुसार विदेशी मुद्रा भंडार में सबसे बड़ा हिस्सा विदेशी मुद्रा परिसंपत्तियों (एफसीए) का है, जो इस सप्ताह 3.127 अरब डॉलर बढ़कर 555.983 अरब डॉलर के स्तर पर पहुंच गया। विदेशी मुद्रा परिसंपत्तियों में डॉलर के अलावा यूरो, पाउंड और येन जैसी प्रमुख अंतरराष्ट्रीय मुद्राएं भी शामिल हैं। इसी तरह इस सप्ताह अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) के पास रखे विशेष आहरण अधिकार (स्पेशल ड्राइंग राइट) में भी 5.60 करोड़ डॉलर की बढ़ोतरी हुई है। इस बढ़ोतरी के बाद ये बढ़ कर 18.763 अरब डॉलर हो गया है। देश के स्वर्ण भंडार की बात करें तो 10 अप्रैल को खत्म हुए सप्ताह के बाद देश के स्वर्ण भंडार में 60.10 करोड़ डॉलर की बढ़ोतरी हुई है। इस तरह इस सप्ताह देश के स्वर्ण भंडार की कीमत 121.343 अरब डॉलर हो गई है। 10 अप्रैल को खत्म हुए सप्ताह में 700 अरब डॉलर के स्तर को पार करने के पहले इस साल 27 फरवरी को खत्म हुए सप्ताह में देश क विदेशी मुद्रा भंडार 728.494 अरब डॉलर के ऑल टाइम हाई लेवल पर पहुंचा था। हालांकि, मार्च के महीने में जियो पॉलिटिकल टेंशन और कच्चे तेल की कीमत में लगातार उतार-चढ़ाव होने के कारण इसमें कुछ गिरावट भी आई थी, लेकिन अब एक बार फिर देश का विदेशी मुद्रा भंडार 700 अरब डॉलर के स्तर को पार कर गया है।

## स्टॉक मार्केट में ओम पावर ट्रांसमिशन की मजबूत शुरुआत, मुनाफे में आईपीओ निवेशक

एजेंसी, नई दिल्ली



पावर ट्रांसमिशन इंफ्रास्ट्रक्चर सेक्टर में काम करने वाली कंपनी ओम पावर ट्रांसमिशन के शेयरों ने आज स्टॉक मार्केट में बढ़त के साथ कारोबार की शुरुआत कर अपने आईपीओ निवेशकों को खुश कर दिया। आईपीओ के तहत कंपनी के शेयर 175 रुपये के भाव पर जारी किए गए थे। आज बीएसई पर इसकी लिस्टिंग 3.5 प्रतिशत प्रीमियम के साथ 181.10 रुपये के स्तर पर और एनएसई पर छह प्रतिशत प्रीमियम के साथ 186 रुपये के स्तर पर हुई। लिस्टिंग के बाद लिवाली के सपोर्ट से थोड़ी ही देर में कंपनी के शेयर बीएसई पर 190.15 रुपये और एनएसई पर 195.30 रुपये के अपर सर्किट लेवल तक पहुंच गए।

हालांकि, कुछ देर बाद ही मुनाफा वसूली शुरू हो जाने के कारण अपर सर्किट ब्रेक हो गया। पूरे दिन के कारोबार के बाद ओम पावर के शेयर एनएसई पर 10.85 प्रतिशत की बढ़त के साथ 193.98 रुपये के स्तर पर बंद हुए, जबकि बीएसई पर कंपनी के शेयर ने 8.66 प्रतिशत की बढ़त के साथ अपर सर्किट लेवल 190.15 रुपये के स्तर पर आज के कारोबार का अंत किया। इस तरह पहले दिन के कारोबार में ही कंपनी के आईपीओ निवेशकों को प्रति शेयर 15.15 रुपये से लेकर 18.38 रुपये तक का फायदा हो गया। ओम पावर ट्रांसमिशन का 150.06 करोड़ रुपये का आईपीओ नौ से 13 अप्रैल के बीच सब्सक्रिप्शन के लिए खुला था। इस आईपीओ को निवेशकों की ओर से एवरेज रिस्पॉन्स मिला था, जिसके कारण ये ओवरऑल 3.33 गुना सब्सक्राइब हुआ था। इनमें क्वालिफाइड इंस्टीट्यूशनल बायर्स (क्यूआईबी) के लिए रिजर्व पोर्शन 3.65 गुना (एक्स एंकर) सब्सक्राइब हुआ था। नॉन इंस्टीट्यूशनल इन्वेस्टर्स (एनआईआई) के लिए रिजर्व पोर्शन में 7.06 गुना सब्सक्रिप्शन आया था। इसी तरह रिटेल इन्वेस्टर्स के लिए रिजर्व पोर्शन 1.54 गुना सब्सक्राइब हो सका था। इस आईपीओ के तहत 10 रुपये फेस वैल्यू वाले 150.06 करोड़ रुपये के कुल 85.759 लाख शेयर जारी किए गए हैं। इनमें 133 करोड़ रुपये के 75.75 लाख नए शेयर जारी हुए हैं। इसके अलावा 10 लाख शेयर ऑफर फॉर सेल विंडो के जरिये बेचे गए हैं। आईपीओ में नए शेयरों की बिक्री के जरिये जुटाए गए पैसे का इस्तेमाल कंपनी इक्वीपमेंट्स और मशीनरी खरीदने, पुराने कर्ज के बोझ को कम करने, वर्किंग कैपिटल की जरूरतों को पूरा करने और आम कॉरपोरेट उद्देश्यों में करेगी। ओम पावर ट्रांसमिशन की वित्तीय स्थिति की बात करें तो प्रॉस्पेक्टस में किए गए दावे के मुताबिक इसकी वित्तीय सेहत लगातार मजबूत हुई है।

## शुरुआती कमजोरी के बाद मजबूती के साथ बंद होने में सफल रहा शेयर बाजार, सेंसेक्स और निफ्टी उछले

एजेंसी, नई दिल्ली

शुरुआती कारोबार में उतार चढ़ाव का सामना करने के बाद घरेलू शेयर बाजार आज मजबूती के साथ बंद होने में सफल रहा। आज के कारोबार की शुरुआत मामूली कमजोरी के साथ हुई थी। पहले आधे घंटे तक सेंसेक्स और निफ्टी दोनों सूचकांकों की चाल लगातार ऊपर नीचे होती रही। इसके बाद खरीदारों ने लिवाली का जोर बना दिया, जिससे बाजार में तेजी का रुख बन गया। हालांकि दोपहर 12 बजे के करीब एक बार फिर मुनाफा वसूली का दबाव बनता हुआ नजर आया, लेकिन थोड़ी देर बाद ही खरीदारों ने दोबारा लिवाली का जोर बना दिया। पूरे दिन के कारोबार के बाद सेंसेक्स और निफ्टी दोनों सूचकांक 65 प्रतिशत की मजबूती के साथ बंद हुए। आज दिनभर के कारोबार के बाद ज्यादा सेक्टोरल इंडेक्स मजबूती के साथ में बंद हुए। दिन के कारोबार में कैपिटल गुड्स और एफएमसीजी सेक्टर के शेयरों में जम कर खरीदारी होती रही। इस खरीदारी के सपोर्ट से बीएसई का एफएमसीजी इंडेक्स 2.57 प्रतिशत की मजबूती के साथ बंद हुआ। इसी तरह कैपिटल गुड्स इंडेक्स 2.19 प्रतिशत की तेजी के साथ बंद हुआ। इसके अलावा बैंकिंग, ऑटोमोबाइल, कंज्यूमर ड्युरेबल्स, हेल्थ केयर, मेटल, ऑयल एंड गैस, पब्लिक सेक्टर एंटरप्राइज, रियल्टी और टेक इंडेक्स भी मजबूती के साथ बंद हुए। दूसरी ओर, आईटी सेक्टर के शेयरों में आज बिकवाली का दबाव बना रहा। ब्रॉडर मार्केट में भी आज लगातार खरीदारी होती रही, जिसके कारण निफ्टी का मिडकैप इंडेक्स 1.27 प्रतिशत की मजबूती के साथ बंद हुआ। इसी तरह स्मॉलकैप इंडेक्स ने 1.48 प्रतिशत की बढ़त के साथ आज के कारोबार का अंत किया। आज शेयर बाजार में आई मजबूती के कारण स्टॉक मार्केट के निवेशकों की संपत्ति में पौने पांच लाख करोड़ रुपये से भी अधिक की बढ़ोतरी हो गई। बीएसई में लिस्टेड कंपनियों का मार्केट कैपिटलाइजेशन आज के कारोबार के बाद बढ़ कर 465.59 लाख करोड़ रुपये (अनंतिम) हो गया। जबकि पिछले कारोबारी दिन यानी गुरुवार को इनका मार्केट कैपिटलाइजेशन 460.80 लाख करोड़ रुपये था।

# कॉकटेल 2 के लिए कृति सेनन ने कैसे घटाया अपना वजन?

## एक्ट्रेस ने पहली बार फॉलो की स्ट्रिक्ट डाइट



शाहिद कपूर, कृति सेनन और रश्मिका मंदाना जल्द ही अपनी आने वाली फिल्म कॉकटेल 2 में नजर आने वाले हैं। ये फिल्म 2012 में आई कॉकटेल का सीक्वल है। कॉकटेल 2 के क्लिप्स में कृति काफी फिट और बोल्ड नजर आ रही हैं। अब उन्होंने इसी को लेकर अपनी डाइट और रूटीन को लेकर खुलकर बात की।

कृति सेनन ने कहा, सच कहूं तो कॉकटेल के दौरान ही ऐसा हुआ था जब मैं बहुत स्ट्रिक्ट डाइट और कंसिस्टेंट वर्कआउट रूटीन पर थी और पहली बार मैंने कैलोरी-डेफिसिट डाइट फॉलो की, जो मैंने पहले कभी अपनी जिंदगी में नहीं किया था। हम इटली के सिसिली में शूट कर रहे थे और वहां खाने की बात करें तो ज्यादातर पिज्जा, पास्ता, पिज्जा वही सब होता है। और मैं बस सोचती रह जाती थी। कैलोरी-डेफिसिट डाइट का मतलब शरीर की नॉर्मल कैलोरी मात्रा से कम कैलोरी लेना। इसका मोटिव वजन घटाने के लिए शरीर में जमा फैट को एनर्जी के रूप में इस्तेमाल करने पर मजबूर करना होता है। इसमें आमतौर पर रोज के खाने में 500-1000 कैलोरी कम की जाती है, जिससे हर सप्ताह लगभग 1 किलो वजन कम हो सकता है। हाल ही में जूम के पॉडकास्ट पर बातचीत के दौरान कृति ने कॉकटेल 2 को लेकर अपनी एक्साइटमेंट भी शेयर की और फैंस को आने वाली फिल्म की झलक दी।

एक्ट्रेस ने कहा कि वह अपनी पिछली फिल्म के मुकाबले कुछ हल्का-फुल्का करना चाहती थीं। उन्होंने कहा, कॉकटेल 2 बिल्कुल सही समय पर आई। मैं यही चाह रही थी। मैं एक यंग, अर्बन और फन से भरी रोम-कॉम स्पेस में जाना चाहती थी। उन्होंने आगे कहा, हां, यह एक सीक्वल है, लेकिन मेरे हिसाब से यह एक वाइब सीक्वल है। इसकी कहानी पूरी तरह अलग है, किरदार पूरी तरह अलग हैं, और उनकी बैकस्टोरी भी बिल्कुल अलग है। यह फिल्म 19 जून 2026 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। कॉकटेल 2 एक रोमांटिक ड्रामा फिल्म है। इसका निर्देशन होमी अदजानिया ने किया है। कॉकटेल 2 साल 2012 में आई फिल्म कॉकटेल का सीक्वल है। कॉकटेल 2 में शाहिद कपूर, कृति सेनन और रश्मिका मंदाना जैसे एक्टर लीड रोल में हैं।



# रामचरण की पेड्डी हुई पोस्टपोन, अब जून में बॉक्स ऑफिस पर होगा धमाल


राम चरण की पेड्डी को लेकर फैंस में काफी क्रेज है. पेड्डी 2026 की मच अवेटेड फिल्मों में से एक बनकर उभरी है. इसमें ग्लोबल स्टार राम चरण लीड रोल निभाएंगे. फिल्म में जाह्नवी कपूर और जगपति बाबू भी अहम किरदारों में नजर आएंगे. जब से इस प्रोजेक्ट का ऐलान हुआ है, फैंस के साथ-साथ इंडस्ट्री में भी इसे लेकर काफी चर्चा है. हाल ही में पेड्डी पहलवान को रिलीज किया गया था, जिसमें राम चरण का एक बिल्कुल अलग अवतार देखने को मिला. उनके इस लुक को जबरदस्त प्यार मिला.

फिल्म को लेकर एक्साइटमेंट लगातार बढ़ रही है. लेकिन फिल्म का कुछ काम अभी पेंडिंग है. शानदार थिएट्रिकल एक्सपीरियंस देने के लिए मेकर्स ने टेक्नीशियन और पोस्ट-प्रोडक्शन टीम को थोड़ा और समय देने का फैसला किया है. इसी कारण से रिलीज की तारीख को आगे बढ़ा दिया गया है. पहले ये फिल्म 30 अप्रैल को रिलीज होनी थी. अब फिल्म जून में रिलीज होगी. अब मेकर्स ने रिलीज डेट टालने की घोषणा की. उन्होंने लिखा, हम अपने फैंस को सबसे बेहतरीन अनुभव देना चाहते हैं. पेड्डी जून में सिनेमाघरों में रिलीज हो रही है. पेड्डी के पहले टीजर ने ही इंटरनेट पर तहलका मचा दिया था. इसने फिल्म की दमदार कहानी की एक झलक दी. फैंस बीच जबरदस्त माहौल बना दिया. चिकिरी चिकिरी और राय राय रा रा जैसे गाने हों या फिर फिल्म के पोस्टर्स, सबने कमाल कर दिया है. पेड्डी के पहले सिंगल चिकिरी चिकिरी ने रिलीज होते ही काफी हलचल पैदा कर दी थी. लोगों को इसका फ्रेश वाइब और ए.आर. रहमान का वो खास अंदाज़ बहुत पसंद आया. ये गाना तुरंत लोगों से कनेक्ट हो गया और सभी प्लेटफॉर्म्स पर 200 मिलियन से ज्यादा व्यूज पार कर चुका है. फिल्म के म्यूज़िक को लेकर बढ़ते क्रेज को साफ दिखाता है.



# धुरंधर 2 के आगे 'डकैत का हुआ बुरा हाल, रिलीज के 6 दिन बाद भी आधा बजट वसूल नहीं पाई मृणाल-आदिवी की फिल्म

आदिवी शेष और मृणाल ठाकुर की रोमांटिक एक्शन फिल्म 'डकैत 10 अप्रैल को सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी. इस फिल्म को क्रिटिक्स और दर्शकों से मिक्स्ड रिस्पॉन्स मिला था. फिर भी इसने ठीक शुरुआत की लेकिन वीकेंड पर ये बंपर कमाई नहीं कर पाई. अब वीकडेज में भी इसकी कमाई में उतार-चढ़ाव बना हुआ है. चलिए यहां जानते हैं कि डकैत ने रिलीज के 6ठे दिन यानी बुधवार को कितनी कमाई की है? 'डकैत दर्शकों को इम्प्रेस नहीं कर पाई है. फिल्म से यूं तो काफी उम्मीदें थीं लेकिन धुरंधर 2 ने इसका बंटाधार कर दिया. ये फिल्म 28 दिन पुरानी रणवीर सिंह की स्पाई एक्शन थ्रिलर के आगे कमाई नहीं कर पा रही है. खासतौर पर वीकडेज में तो इसकी हालत काफी खराब होती दिख रही है सोमवार को कमाई झटका मिलने के बाद मंगलवार को ये थोड़ी संभली भी लेकिन छठे दिन यानी बुधवार को 'डकैत की रफ्तार फिर धीमी पड़ गई है और इसी के साथ इसके कलेक्शन में काफी गिरावट दर्ज की गई. फिल्म की कमाई की बात करें तो 'डकैत ने 6.55 करोड़ से खाता खोला था. फिर दूसरे दिन इसने 6.85 करोड़ कमाए. तीसरे दिन की कमाई 6.40 करोड़, चौथे दिन का कलेक्शन 2.70 करोड़ रुपये और 5वें दिन का कारोबार 3 करोड़ रुपये रहा. वहीं अब सैकनिल्क की अर्ली ट्रेंड रिपोर्ट के मुताबिक 'डकैत ने रिलीज के छठे दिन 1.55 करोड़ रुपये कमाए हैं. इसी के साथ 'डकैत की 6 दिनों की कुल कमाई अब 27.05 करोड़ रुपये हो गई है. 'डकैत को सिनेमाघरों में रिलीज हुए 6 दिन हो चुके हैं लेकिन ये फिल्म बेहद धीमी रफ्तार से कमाई कर रही है. शॉकिंग बात ये है कि 70 करोड़ रुपये के बजट में बनी ये फिल्म रिलीज के 6 दिन बाद भी पूरी लागत तो दूर आधा बजट भी वसूल नहीं कर पाई है. ऐसे में अब फिल्म पर फ्लॉप होने का खतरा मंडरा रहा है. दरअसल इस शुक्रवार से सिनेमाघरों में अक्षय कुमार की भूत बंगला भी आ जाएगी. पहले से धुरंधर 2 के आगे कमाई के लिए संघर्ष कर रही 'डकैत को भूत बंगला के रिलीज होने के बाद चंद करोड़ कमाना भी मुश्किल हो जाएगा. अब देखने वाली बात होगी कि डकैत दूसरे वीकेंड पर बॉक्स ऑफिस पर कैसा परफॉर्म कर पाती है. डकैत का निर्देशन डेब्यूटेंट निर्देशक शेनिल देव ने किया है. यह फिल्म बदले की भावना से इंस्पायर एक युवक की कहानी है. फिल्ममें आदिवी शेष ने एक गुस्सैल कैदी की भूमिका निभाई है, जो अपनी एक्स गर्लफ्रेंड (मृणाल ठाकुर द्वारा स्टारर) से धोखे का बदला लेना चाहता है. कहानी जैसे-जैसे आगे बढ़ती है, इसमें प्रेम, विश्वासघात और पश्चाताप जैसी थीम को दिखाया गया है. फिल्म में एक्शन और इमोशनल ड्रामा का बेहतरीन मिश्रण है. अनुराग कश्यप, प्रकाश राज, अतुल कुलकर्णी, ज़ैन मैरी खान, कामाक्षी भास्करला और सुनील वर्मा जैसे कलाकारों ने भी डकैत में अहम रोल प्ले किया है.



# मॉइस्चराइजर लगाने के बाद भी त्वचा पर रहता है रूखापन? जानिए इसके 5 कारण

त्वचा की देखभाल के लिए नमी देने वाले उत्पाद का इस्तेमाल करना बहुत जरूरी है। यह त्वचा को नमी देता है और उसे मुलायम बनाता है। हालांकि, कई बार ऐसा होता है कि नमी देने वाले उत्पाद का उपयोग करने के बावजूद त्वचा रूखी ही रहती है। ऐसा क्यों होता है? आइए आज हम आपको इसके पांच मुख्य कारण बताते हैं, जिनके बारे में जानकर आपको अपनी त्वचा की देखभाल करने में मदद मिलेगी।

**गलत मॉइस्चराइजर का चयन**

मॉइस्चराइजर का चयन करते समय त्वचा के प्रकार का ध्यान रखना बहुत जरूरी है। अगर आप अपनी त्वचा के प्रकार के अनुसार सही मॉइस्चराइजर नहीं चुनते हैं तो इससे आपकी त्वचा को वह नमी नहीं मिल पाती, जिसकी उसे जरूरत होती है। उदाहरण के लिए अगर आपकी त्वचा तैलीय है तो जेल आधारित मॉइस्चराइजर अच्छा रहेगा, जबकि सूखी त्वचा वालों के लिए क्रीम आधारित मॉइस्चराइजर बेहतर है।

**बहुत गर्म पानी से नहाना**

बहुत गर्म पानी से नहाने से त्वचा की प्राकृतिक नमी खत्म हो जाती है, जिससे वह रूखी हो जाती है। गर्म पानी से नहाने पर त्वचा की ऊपरी परत हट जाती है और नई परत बनने में समय लगता है, जिससे त्वचा रूखी और बेजान लगती है। इसलिए हमेशा गुनगुने पानी का इस्तेमाल करें और नहाने के बाद त्वचा को मुलायम रखने के लिए मॉइस्चराइजर का उपयोग करें। इससे आपकी त्वचा को नमी मिलेगी।

**मौसम के बदलाव का असर**

मौसम का बदलाव भी त्वचा की नमी पर असर डाल सकता है। सर्दियों में ठंडी हवा और कम नमी के कारण त्वचा रूखी हो जाती है, जबकि गर्मियों में पसीना और धूल के कारण भी त्वचा को नुकसान पहुंचता है। इसलिए मौसम के अनुसार अपनी त्वचा की देखभाल करें और उसे हाइड्रेटेड रखने के लिए नियमित रूप से मॉइस्चराइजर का उपयोग करें।

**शरीर में पानी की कमी**

शरीर में पानी की कमी होने पर त्वचा पर सीधें असर पड़ता है और यह रूखी हो जाती है। इसलिए दिनभर में कम से कम 8-10 गिलास पानी जरूर पिएं। इसके अलावा फलों का रस या नारियल पानी भी पी सकते हैं। साथ ही खाने में तरबूज, खीरा जैसी पानी वाली सब्जियां शामिल करें। इससे आपकी त्वचा को भरपूर नमी मिलेगी और वह स्वस्थ रहेगी। हाइड्रेटेड रहने से आपकी त्वचा हमेशा ताजगी भरी और चमकदार दिखेगी।

**गलत समय पर मॉइस्चराइजर लगाना**

मॉइस्चराइजर लगाने का सही समय बहुत अहम होता है। अगर आप नहाने के तुरंत बाद या सोने से पहले मॉइस्चराइजर लगाते हैं तो इसका असर लंबे समय तक रहता है। इसके अलावा दिन में एक बार इसे जरूर लगाएं ताकि आपकी त्वचा हमेशा हाइड्रेटेड रहे। इन कारणों पर ध्यान देकर आप अपनी त्वचा को सही तरीके से नमी दे सकते हैं और उसे स्वस्थ रख सकते हैं।

# बेटी समीशा संग योग करती दिखीं शिल्पा, वीडियो ने खींचा ध्यान



सोशल मीडिया पर बॉलीवुड एक्ट्रेस शिल्पा शेट्टी ने एक ऐसा प्रेरणादायक वीडियो साझा किया, जिसमें फिटनेस के साथ-साथ मां-बेटी के खूबसूरत और भावनात्मक रिश्ते की झलक भी देखने को मिली। यह वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से लोगों का ध्यान खींच रहा है और खूब सराहा जा रहा है। दरअसल, शिल्पा शेट्टी ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर एक प्यारा सा वीडियो शेयर किया है, जिसमें वह अपनी नन्ही बेटी समीशा शेट्टी कुंद्रा के साथ योग करती नजर आ रही हैं।

वीडियो में दोनों मां-बेटी योग मैट पर लेटकर उभय पादंगुष्ठासन करने की कोशिश करती हैं। इस दौरान, शिल्पा अपनी बेटी को यह आसन करने के लिए प्रोत्साहित करती हैं, लेकिन छोटी समीशा मासूमियत से कहती है कि वह इसे नहीं कर पा रही। इस पर एक मां होने के नाते शिल्पा शेट्टी अपनी बेटी को हौसला देती हैं और प्यार से समझाती हैं कि ऐसा कुछ भी नहीं है, जो आप नहीं कर सकती। मां के इस आत्मविश्वास भरे शब्दों और हौसले के बाद, दोनों अनंतासन करती दिखती हैं। इस बार, समीशा शेट्टी इस आसन को बहुत अच्छे से कर लेती हैं, जो उसकी एकाग्रता और सीखने की क्षमता को दर्शाता है। इस मनमोहक वीडियो को साझा करते हुए, शिल्पा शेट्टी ने कैप्शन में अपने गहरे इमोशन्स और अनुभवों को व्यक्त किया। उन्होंने अपनी बेटी को प्यार से लिटिल योगी कहते हुए लिखा, यह फिट और मजबूत बने रहने की मेरी सबसे बड़ी प्रेरणा है। साथ में स्ट्रेच करना, हंसना और सीखना मेरे लिए सबसे खास पल होता है। शिल्पा ने बच्चों में छोटी उम्र से ही अच्छी आदतें डालने के महत्व पर जोर दिया। उन्होंने लिखा, अगर बच्चों को छोटी उम्र से ही अच्छी आदतें सिखाई जाएं, तो उनका शरीर मजबूत और दिमाग शांत बनता है।

अपने फिटनेस मंत्र का सार बताते हुए उन्होंने एक बेहद महत्वपूर्ण बात कही, बैलेंस सिखाया नहीं जाता, बल्कि रोज की आदतों से अपने आप आता है। यह संदेश न केवल योग के लिए, बल्कि जीवन के हर क्षेत्र में अनुशासन और नियमितता के महत्व को रेखांकित करता है। बता दें कि शिल्पा शेट्टी ने 22 नवंबर 2009 को बिजनेसमैन राज कुंद्रा से शादी की थी। शादी के बाद उन्होंने 2012 में अपने बेटे को जन्म दिया, जिसका नाम उन्होंने वियान रखा। वहीं, उनकी बेटी समीशा शेट्टी कुंद्रा का जन्म 2020 में सरोगेसी के जरिए हुआ था। शिल्पा अक्सर अपने बच्चों के साथ बिताए इन खास पलों और अपनी पारिवारिक खुशियों को सोशल मीडिया पर साझा करती रहती हैं, जिन्हें उनके फैंस भी काफी पसंद करते हैं और उन पर ढेर सारा प्यार लुटाते हैं।

# डेस्क जॉब वालों के लिए वरदान है बकासन कमर दर्द और तनाव से मिलेगी राहत



आज की व्यस्त दिनचर्या में खुद को फिट रखना थोड़ा मुश्किल है, लेकिन कुछ एक्सरसाइज और नियमित आहार से आप खुद को फिट रख सकते हैं। इन्ही में से एक योगासन है बकासन। शुरुआत में यह थोड़ा मुश्किल लग सकता है, लेकिन नियमित अभ्यास से यह आसान हो जाता है। बकासन करने से पूरा शरीर मजबूत होता है और तनाव दूर हो जाता है। बकासन शब्द संस्कृत के दो शब्दों को मिलाकर बना है। बक का अर्थ बगुला, यानी कि पक्षी, और आसन का अर्थ बैठना है। यानी कि इसका शाब्दिक अर्थ होता है बगुले की तरह बैठना। इस आसन को करने के दौरान शरीर एक बगुले या सारस जैसी होती है, जिसमें शरीर का पूरा वजन हाथों की कलाइयों पर संतुलित होता है। इसमें घुटने कोहनियों के ऊपर या बाहों के ऊपरी हिस्से पर टिके होते हैं और कूल्हे ऊपर उठे हुए होते हैं। यह एक संतुलन आसन है। आयुष मंत्रालय के अनुसार, बकासन (कौआ आसन या क्रेन पोज) एक महत्वपूर्ण संतुलन योगासन है, जो हाथों, कंधों और कोर मसल्स को मजबूत बनाता है। यह मानसिक एकाग्रता, आत्मविश्वास और शारीरिक स्थिरता को बढ़ाता है। यह पेट की मांसपेशियों को टोन कर पाचन में सुधार करता है और तनाव को कम करने में भी सहायक है। डेस्क जॉब या फिर लगातार बैठकर काम करने वालों के लिए यह आसन सहायक है। क्योंकि इसके करने मात्र से रीढ़ की हड्डी सीधी रहती है और लचीलापन आता है। यह आसन कमर को मजबूत बनाता है और पीठ दर्द जैसी समस्याओं को भी कम करने में मदद करता है। साथ ही यह मानसिक तनाव और चिंता को घटाता है। बकासन करते समय गहरी सांसें ली जाती हैं, जिससे मन शांत होता है। यह तनाव और चिंता को कम करने में मदद करता है। बकासन करने के लिए सबसे पहले पैरों के पंजों के बल उकड़ू बैठ जाएं, यानी एडिय़ां जमीन से ऊपर रहें। अब दोनों हथेलियों को पैरों के आगे जमीन पर रखें। उंगलियां फैली होनी चाहिए ताकि पकड़ मजबूत बने। अब धीरे-धीरे अपने शरीर का भार हाथों पर डालें और पैरों को जमीन से ऊपर उठाने की कोशिश करें। घुटनों को कोहनियों के पास टिकाएं और एडिय़ों को नितंबों के पास रखें। इस स्थिति में शरीर को जितना हो सके स्थिर रखें और गहरी सांस लेते रहें। फिर धीरे से वापस सामान्य अवस्था में आ जाएं। घुटने या कलाई में दर्द हो तो डॉक्टर से सलाह लेकर ही शुरू करें। गर्भवती महिलाएं बिना विशेषज्ञ की देखरेख में न करें।

# Iran opens Strait of Hormuz, but Trump blockade stays until final truce



**New Delhi, Agency:** Iran on Friday announced that the crucial Strait of Hormuz will remain open to commercial ships for the remainder of the ceasefire, easing pressure on global energy markets and signalling a tentative de-escalation in the West Asia crisis. The US, however, said its blockade targeting Iran would remain in place until the ongoing negotiations were fully concluded.

Iran's Foreign Minister Seyed Abbas Araghchi said the passage for all commercial vessels had been declared "completely open" for the duration of the ceasefire, with shipping to follow coordinated routes designated by Iran's Ports and Maritime Organisation.

The announcement effectively ends weeks of disruption in one of the world's most critical energy chokepoints, through which nearly a fifth of global oil and liquefied natural gas supplies transit. The Strait had been shut since late February following US and Israeli strikes on Iran, choking supply lines, spiking crude prices and rattling global trade.

Within hours of Tehran's declaration, Brent crude prices plunged to around $88 per barrel from above $98 earlier in the day, extending a sharp retreat from peaks exceeding $119 in March. Global equity markets responded with equal vigour: US indices surged, with the S&P 500 rising 0.8 per cent and both the Nasdaq and Dow Jones gaining over 1 per cent, while major European indices posted gains of up to 2 per cent.

Seizing the moment, Trump issued a series of triumphant statements, asserting that Iran had agreed to never again weaponise the strait. "A great and brilliant day for the world," he declared, while crediting regional partners, including Pakistan, Saudi Arabia, the UAE and Qatar, for

## 'Black day for sisters': Shivraj Chouhan slams Opposition as women's quota bill fails in Lok Sabha



**New Delhi, Agency:** Moments after the Women's Reservation Bill was defeated in Parliament, Union Agriculture Minister Shivraj Chouhan on Friday said April 17 will be seen as a "black day" for the country's sisters and for democracy.

He said the Congress and INDIA bloc have once again betrayed the country's sisters and cheated its daughters.

In a series of posts on X, the minister said, "The honourable Prime Minister and Home Minister had proven every apprehension of the Opposition baseless. They had clearly stated that no injustice or harm would be done to any state. But the anti-woman Opposition did not believe them."

"Today, it wasn't just one bill that fell. Today, an axe was struck at the hopes of sisters. The anti-women Congress and INDIA bloc crushed the efforts to empower sisters. They shattered the dreams of sisters. They trampled their aspirations. They extinguished the possibilities within them and hurt the sentiments of sisters, who are embodiments of power," he added.

Chouhan also accused the Congress and INDIA bloc of inculcating "anti-women" mindset.

"The mindset of the Congress and INDIA bloc is - Woman, you are only helpless," he said.

He added that in the 'Amrit Kaal' of independence, when the immense potential of women should have been harnessed in building a developed India, the Opposition has committed the sin of crushing and destroying that very power.

# High-level review on India-Nepal border held in Raxaul

By Sagar Suraj

**Bihar chief secretary and DGP lead high-level review in Raxaul, focus on border security, encroachments, smuggling, and development push along India-Nepal frontier**




**RAXAUL (East Champaran):** In a comprehensive push to tighten security and accelerate development along the India-Nepal border, a high-level review meeting chaired jointly by Bihar Chief Secretary and Director General of Police was held at the SSB headquarters in Raxaul on Saturday. The meeting brought together district magistrates, superintendents of police, sub-divisional officers, land acquisition officials, and senior SSB personnel. Officials reviewed the status of the 114.54-km international border in East Champaran, where 1,237 boundary pillars have been installed. Of these, 931 are in good condition, while 73 have been found damaged. Authorities said joint inspections and regular monitoring mechanisms are in place. A Field Survey Team (FST) meeting had earlier been conducted on March 24 at the SSB headquarters.

Superintendent of police (SP) of East Champaran district Swarn Prabhat informed that encroachment removal emerged as a key focus area. Of 121 identified encroachments along the pillars, 117 have been cleared, with action underway in the remaining cases. Within a 15-km belt of Raxaul and Sikrahana, 34 encroachments have been flagged. Four unauthorised religious structures have also been identified in the no-man's land. Sources said that Data presented at the meeting highlighted the scale of cross-border crime between 2022 and 2026. In east Champaran authorities recorded 22,500 cases of liquor smuggling, 779 cases of arms trafficking leading to 1,179 arrests, and 448 narcotics cases with 663 arrests. Fake currency seizures worth 54.64 lakh were reported in 10 cases. Notably, 41 cases of illegal foreign infiltration were detected, with 25 foreign nationals apprehended in 2025 alone, including individuals from Bangladesh, Sri Lanka and Abu Dhabi. In Raxaul subdivision, narcotics were seized from 1,918 accused. Police also rescued 574 victims of human trafficking, including minors, and identified several suspicious companies involved in trafficking under the guise of employment. Proposals have been initiated to attach properties worth over 53 crore linked to illegal trade and 12 crore tied to land mafias. The meeting also reviewed land acquisition progress for the proposed Raxaul airport and directed officials to expedite the process. Development initiatives under the Vibrant Village Programme across 12 border villages were assessed, alongside a rise in GST collections in Motihari and Raxaul zones, reflecting improved economic activity. Officials stressed stronger coordination among agencies, continued joint patrolling, and timely execution of development schemes in border areas.

## Father, son stabbed to death in south Delhi's Alaknanda over old enmity



**New Delhi, Agency:** A 62-year-old man and his son were stabbed to death, while a relative was injured, in a shocking double murder at Tara Apartments in south Delhi's Alaknanda area on Friday evening, police said.

The deceased have been identified as Rakesh Sood (62) and his son Karan Sood (27). Their relative Rahul sustained injuries and is currently undergoing treatment, they added.

The accused, identified as Asad, a resident of the same apartment complex, has been detained by the police.

According to officials, the incident took place around 6:15 pm when the accused allegedly called the victims outside their residence. Police said the Sood family had been living in the apartment complex for nearly 15 years and were involved in the property business. Preliminary investigation suggests that the accused and the victims had an ongoing dispute for nearly a year over financial and parking issues.

On Friday evening, a fresh argument broke out between the two sides, which soon escalated into violence. Asad allegedly attacked the victims with a sharp weapon, stabbing them multiple times outside the O-Block premises, an official said. All three injured persons were rushed to a private hospital in Saket, where doctors declared Rakesh Sood and Karan Sood brought dead. Rahul is reported to be stable, the cop added. Deputy Commissioner of Police (South) Anant Mittal said a PCR call was received regarding a dispute between residents. Investigation revealed that the attack stemmed from a long-standing enmity.

## Rahul talks of April 16, BJP reminds him of April 17 history




**New Delhi, Agency:** After Rahul Gandhi concluded his speech in Lok Sabha on Friday 'posing a puzzle' for MPs to consider "what happened on April 16", BJP's Nishikant Dubey got up to counter the Congress neta saying it is April 17 that is significant.

Gandhi had already left the Parliament by then despite former Cabinet minister Anurag Thakur raising a House rule that binds a speaker, after he concludes, to be present and listen to the next speaker.

"It was on this day that Rajiv Gandhi was accused in the Bofors (bribery) scandal," Dubey began, reminding Congress of its "dark history". "On April 17, 1998, who pulled down the dhoti of Sitaram Kesri ji, the Congress president from the backward class? Who shoved him out of the party's Akbar Road headquarters?" Dubey asked. He referred to an instance involving SP MP Yashvir Singh being "beaten by Sonia Gandhi" in this House in the well while opposing SC/ST quota bill. "Congress has always insulted women, backward classes, and Dalits; today it opposed women's reservation bill - parties supporting Congress should learn from Cong's history.

In India, all people have progressed through hard work, but Congress wants to progress by dividing the nation," he added.

## Raghav Chadha's swipe in RS again exposes AAP rift



**New Delhi, Agency:** Aam Aadmi Party MP Raghav Chadha on Friday made a pointed intervention in the Rajya Sabha, taking an indirect dig at his own party leadership amid an ongoing internal rift that has played out in public over the past fortnight.Speaking during the House proceedings to felicitate Harivansh Narayan Singh on his unopposed re-election as Deputy Chairman for a third term, Chadha remarked that key leaders from his party were missing from the chamber. He noted that the party's leader in the House, widely understood to be Sanjay Singh, was not present, and neither was the newly appointed deputy leader Ashok Kumar Mittal.

In a pointed line, Chadha said he himself, recently removed from the deputy leader's post, was present and grateful for the opportunity to speak, drawing laughter in the House. He said, in a lighter tone, that he hoped his future interactions with the Chair would be more "cordial" and that he might be allowed a little extra speaking time going ahead.

Chadha also praised the functioning of the House under the current presiding officer, Vice-President and Rajya Sabha Chairman CP Radhakrishnan, and said more members were now being given opportunities to speak compared to earlier sessions. He observed that participation during Zero Hour had expanded significantly, allowing a larger number of MPs to raise issues.

The remarks come against the backdrop of a widening internal discord within the AAP. Earlier this month, the party formally replaced Chadha as its deputy leader in the Upper House, naming Mittal in his place through a communication to the Rajya Sabha Secretariat.

## Govt strengthens DGFT Norms Committees to speed up export authorisations, cut delays

**New Delhi, Agency:** The Ministry of Commerce and Industry has introduced a set of reforms to improve the functioning of Norms Committees under the Directorate General of Foreign Trade (DGFT), aimed at faster disposal of Advance Authorisation applications and easing process for exporters. In an official statement, the ministry stated that the move comes as part of the government's broader push to enhance ease of doing business and reduce delays in approvals under export-linked schemes.

The Ministry noted that "DGFT administers the Advance Authorisation (AA) Scheme and the Duty-Free Import Authorisation (DFIA) Scheme under the Foreign Trade Policy. These schemes allow duty-free import of inputs that are physically incorporated in export products."

At present, seven such committees operate across sectors, comprising technical experts and officials from various ministries. However, their functioning had been impacted by capacity constraints, leading to a rise in pending applications.

To address this, the government has introduced process and capacity-related reforms. These include fixed scheduling of meetings on a fortnightly basis, prioritisation of long-pending cases, and time-bound finalisation of meeting minutes. Monitoring mechanisms for pendency and case ageing have also been strengthened.

# MDB heads pledge deeper collaboration to navigate global economic uncertainty



**New Delhi, Agency:** Multilateral Development Bank (MDB) leaders have pledged to deepen their collaboration to support member countries facing heightened global uncertainty. Meeting in Washington DC on the sidelines of the World Bank Group-International Monetary Fund Spring Meetings, the heads of the world's major development institutions underscored the importance of close cooperation to maintain stability and safeguard development progress.

The Heads of MDBs Group includes the African Development Bank Group, Asian Development Bank, Asian Infrastructure Investment Bank, Council of Europe Development Bank, European Bank for Reconstruction and Development, European Investment Bank, Inter-American Development Bank Group, Islamic Development Bank, New Development Bank, and the World Bank Group. The International Monetary Fund also participates in the Heads discussions.

The leaders noted that the evolving situation in the Middle East and shifting financial conditions are contributing to mounting pressures across their member economies. According to a Joint News Release, these global developments are already manifesting through higher energy costs, supply chain disruptions, and tighter financial conditions. The heads emphasized their readiness to deploy timely support to help clients manage risks and protect vulnerable populations.

"MDBs are working more closely than ever to support our members and clients through a complex and evolving global environment," said Masato Kanda, President of the Asian Development Bank and current Chair of the MDB Heads Group.

"By combining our financial strength, knowledge, and partnerships, we are helping countries manage immediate pressures while building resilience for the future," Kanda added.

The heads of these institutions reaffirmed their commitment to delivering impact at scale, with a specific focus on private sector development, job creation, and long-term sustainable growth. A key priority identified was the mobilization of private finance. The leaders agreed to establish a working group to advance "originate-to-distribute" approaches, which are intended to create bankable opportunities and attract private capital at scale.

To mitigate exchange rate risks, the group plans to scale up local currency financing and develop domestic financial markets. They also recognized the need for increased transparency regarding credit risks in emerging markets through the Global Emerging Markets (GEMS) consortium. Furthermore, the banks agreed on a common approach to measure how their operations impact job creation and poverty reduction.